# डेली करेंट क्विज़

## (संग्रह)



## नवंबर भाग-2
## 2020

दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009
फोनः 8750187501
ई-मेलः online@groupdrishti.com

# प्रश्न Part -2

1. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| विद्रोह | वर्ष |
|---|---|
| 1. मुंडा विद्रोह | वर्ष 1899-1900 |
| 2. संयासी विद्रोह | वर्ष 1770 |
| 3. कोल विद्रोह | वर्ष 1832 |

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1
b. केवल 2 और 3
c. केवल 3
d. 1, 2 और 3

2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. हाल ही में लोनार झील को महाराष्ट्र का दूसरा रामसर स्थल घोषित किया गया है।
2. लोनार झील महाराष्ट्र के बुलढाणा ज़िले में स्थित एक क्रेटर झील है।
3. आर्द्रभूमि पर रामसर अभिसमय की स्थायी समिति द्वारा वर्ष 2021 के लिये 'आर्द्रभूमि और जैव-विविधता थीम स्वीकृत की गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

3. 'गोल्डन वीज़ा' कार्यक्रम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस वीज़ा कार्यक्रम का उद्देश्य अप्रवासी निवेशकों के लिये एक आकर्षक वातावरण का निर्माण करना है।
2. हाल ही में संयुक्त अरब अमीरात ने इस कार्यक्रम के तहत 10-वर्षीय वीज़ा प्रणाली को अपनाया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

4. निम्नलिखित में से कौन-से देश क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (RCEP) से संबंधित हैं?

1. सिंगापुर
2. भारत
3. चीन
4. जापान
5. संयुक्त राज्य अमेरिका

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1, 2, 3 और 4
b. केवल 1, 3, 4 और 5
c. केवल 3, 4 और 5
d. केवल 1, 3 और 4

नोट :

5. सूर सरोवर झील के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

   1. इसे सूर सरोवर पक्षी अभयारण्य के भीतर स्थित कीठम झील के नाम से भी जाना जाता है।
   2. यह झील उत्तर प्रदेश के इटावा में यमुना नदी के किनारे अवस्थित है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   a. केवल 1
   b. केवल 2
   c. 1 और 2 दोनों
   d. न तो 1 और न ही 2

6. हाल ही में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा केंद्र को पेश 'पाँच सूत्री योजना' का उद्देश्य है:

   a. नक्सलवाद से निपटना
   b. जनजातियों में कुपोषण समस्या का समाधान
   c. लघु वनोत्पादों के निर्यात में वृद्धि
   d. जनजातीय पर्यटन को बढ़ावा देना

7. हाल ही में समाचारों में रहा 'टाइग्रे क्षेत्र' संबंधित है:

   a. यमन से
   b. सूडान से
   c. सोमालिया से
   d. इथियोपिया से

8. मुद्रास्फीति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

   1. कोर मुद्रास्फीति में खाद्य एवं ईंधन की कीमतों में उतार-चढ़ाव को शामिल नहीं किया जाता है।
   2. कोर मुद्रास्फीति उपभोक्ताओं पर मुद्रास्फीति के प्रभाव का आकलन करने का बेहतर तरीका है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   a. केवल 1
   b. केवल 2
   c. 1 और 2 दोनों
   d. न तो 1 और न ही 2

9. निम्नलिखित में से कौन-सा/से अभ्यारण्य/राष्ट्रीय पार्क/टाइगर रिज़र्व गोदावरी बेसिन में अवस्थित हैं?

   1. पापिकोंडा वन्यजीव अभयारण्य
   2. पेंच नेशनल पार्क
   3. ताडोबा अंधारी टाइगर रिज़र्व

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

   a. केवल 1 और 2
   b. केवल 3
   c. केवल 1 और 3
   d. 1, 2 और 3

10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

   1. गोदावरी बेसिन में स्थित कलसुबाई, महाराष्ट्र की सबसे ऊँची चोटी है।
   2. पेनगंगा, इंद्रावती, प्राणहिता और मंजरा गोदावरी की मुख्य सहायक नदियाँ हैं।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1

b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों

d. न तो 1 और न ही 2

11. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'लीलावती अवार्ड-2020' की शुरुआत 'अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद' के अभिनव शिक्षा कार्यक्रम के तहत की गई है।
2. लीलावती अवार्ड-2020 'महिला सशक्तीकरण' की थीम पर आधारित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1

b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों

d. न तो 1 और न ही 2

12. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ऊर्जा दक्षता सेवा लिमिटेड, केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग के तहत सार्वजनिक उपक्रमों का एक संयुक्त उद्यम है।
2. गोवा, कन्वर्जेंस प्रोजेक्ट को अपनाने वाला भारत का पहला राज्य है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1

b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों

d. न तो 1 और न ही 2

13. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | **टाइगर रिज़र्व** | **अवस्थिति** |
|---|---|---|
| 1. | परम्बिकुलम टाइगर रिज़र्व | तमिलनाडु |
| 2. | ताडोबा अंधारी टाइगर रिज़र्व | महाराष्ट्र |
| 3. | रातापानी टाइगर रिज़र्व | मध्यप्रदेश |

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1

b. केवल 2 और 3

c. केवल 3

d. 1, 2 और 3

14. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. काकापो तोता ने दूसरी बार 'न्यूज़ीलैंड बर्ड ऑफ द ईयर 2020' प्रतियोगिता जीती है।
2. काकापो तोते को IUCN की रेड लिस्ट में 'गंभीर रूप से संकटग्रस्त' श्रेणी में तथा CITES के परिशिष्ट 1 में सूचीबद्ध किया गया है।

**नोट :**

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1

b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों

d. न तो 1 और न ही 2

15. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | **भू-वैज्ञानिक स्थल** | **संबंधित राज्य** |
|---|---|---|
| 1. | बोर्रा गुफाएँ | मेघालय |
| 2. | एर्रा मट्टी डिब्बालू | आंध्र प्रदेश |
| 3. | अराकू | कर्नाटक |

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1 और 2

b. केवल 2 और 3

c. केवल 2

d. 1, 2 और 3

16. यूएनएड्स (UNAIDS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी स्थापना संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद (ECOSOC) द्वारा की गई थी।
2. यह वर्ष 2050 तक विश्व से एड्स को समाप्त करने के वैश्विक प्रयास का नेतृत्त्व कर रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1

b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों

d. न तो 1 और न ही 2

17. गिल्लन बर्रे सिंड्रोम (GBS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह दुर्लभ ऑटोइम्यून विकार केवल कोरोनावायरस से संक्रमित रोगियों में पाया जाता है।
2. इस सिंड्रोम से परिधीय तंत्रिका तंत्र प्रभावित होता है जिससे शरीर के अंगों की कार्य करने की क्षमता कम हो जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1

b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों

d. न तो 1 और न ही 2

18. 'केरल फाइबर ऑप्टिक नेटवर्क प्रोजेक्ट' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह केरल राज्य बिजली बोर्ड (KSEB) और केरल राज्य आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की एक संयुक्त पहल है।
2. इस परियोजना का लक्ष्य गरीबी रेखा से नीचे (BPL) जीवन जीने वाले 20 लाख से अधिक परिवारों को मुफ्त उच्च गति के इंटरनेट की सुविधा प्रदान करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1

b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों

d. न तो 1 और न ही 2

नोट :

19: 'प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी शुरुआत आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत की गई है।
2. इसका मुख्य उद्देश्य असंगठित रूप से कार्य कर रहे छोटे उद्यमियों को बढ़ावा देना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

20. हाल ही में प्रधानमंत्री द्वारा 'स्टैच्यू ऑफ पीस' का अनावरण निम्नलिखित में से किस राज्य में किया गया है?

a. गुजरात
b. मध्यप्रदेश
c. हरियाणा
d. राजस्थान

21. 'व्यपगत का सिद्धांत' (Doctrine of Lapse) संबंधित है:

a. जनसंख्या नियंत्रण से
b. समुद्र तट मापन से
c. द्वितीय विश्व युद्ध में अभिकल्पित सुरक्षा सिद्धांत से
d. ईस्ट इंडिया कंपनी की राज्य अधिग्रहण नीति से

22. छठ त्योहार के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस लोक त्योहार में सूर्य के साथ-साथ पृथ्वी (भूमि) की भी पूजा की जाती है।
2. इस त्योहार में मूर्तिपूजा शामिल नहीं है।
3. हाल ही में भारत सरकार के डाक विभाग ने छठ पूजा पर 'माई स्टाम्प' जारी किया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 3
b. केवल 3
c. केवल 1 और 2
d. केवल 2 और 3

23. निम्नलिखित में से कौन-से क्षेत्र 'पैलेआर्कटिक (Palearctic) क्षेत्र' के अंतर्गत आते हैं?

1. उत्तरी अमेरिका
2. यूरो-साइबेरियाई क्षेत्र
3. भूमध्यसागरीय बेसिन
4. सहारा और अरेबियन डेज़र्ट

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 2, 3 और 4
b. केवल 1, 3 और 4
c. केवल 3 और 4
d. 1, 2, 3 और 4

नोट :

24. 'क्षेत्रीय तीव्र पारगमन प्रणाली' (RRTS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. यह सड़क पर माल परिवहन की निर्भरता को कम करने के लिये सड़क-सह जल (Road-cum Water) परिवहन प्रणाली है।
    2. हाल ही में दिल्ली-एनसीआर में इस परिवहन प्रणाली को अपनाने के लिये 500 मिलियन डॉलर के एक ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किये गए हैं।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
    a. केवल 1
    b. केवल 2
    c. 1 और 2 दोनों
    d. न तो 1 और न ही 2
25. केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के 'ई-संजीवनी' (e-Sanjeevani) प्लेटफॉर्म का उद्देश्य है:
    a. टेली-परामर्श सुविधा प्रदान करना
    b. COVID-19 की वैक्सीन निर्माण में सहयोग स्थापित करना
    c. टीबी के खिलाफ ऑनलाइन जागरूकता अभियान चलाना
    d. जेनेरिक दवाओं को ऑनलाइन उपलब्ध कराना
26. निम्नलिखित में से भारत के किन राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में आभासी न्यायालय के माध्यम से कार्य हो रहा है?
    1. महाराष्ट्र
    2. केरल
    3. हरियाणा
    4. असम

    नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
    a. केवल 2, 3 और 4
    b. केवल 1, 3 और 4
    c. केवल 3 और 4
    d. 1, 2, 3 और 4
27. निम्नलिखित में से किन देशों के पास 'अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन' (IMO) द्वारा मान्यता प्राप्त नेविगेशन प्रणाली मौजूद है?
    1. संयुक्त राज्य अमेरिका
    2. चीन
    3. रूस
    4. भारत

    नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
    a. केवल 2, 3 और 4
    b. केवल 1, 3 और 4
    c. 1, 2, 3 और 4
    d. केवल 3 और 4
28. रुपे कार्ड (RuPay Card) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. रुपे (RuPay) नेटवर्क का विकास राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) द्वारा किया गया है।
    2. इसका उपयोग केवल भारत में ही किया जा सकता है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

नोट :

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

29. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. 'भारत नवजात कार्य योजना' की शुरुआत वर्ष 2019 में भारत सरकार के केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा की गई थी।
2. इसका लक्ष्य 'सिंगल डिजिट नेशनल मोर्टेलिटी रेट' तथा 'सिंगल डिजिट स्टील बर्थ रेट' प्राप्त करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

30. अंग्रेज़ी लेखक डगलस स्टु अर्ट (Douglas Stuart) ने निम्नलिखित में से किस उपन्यास के लिये वर्ष 2020 का बुकर पुरस्कार जीता है?
a. द गॉड एंड स्मॉल थिंग्स
b. ए पैसेज टू इंडिया
c. द टेस्टामेंट्स
d. शुग्गी बैन

31. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. भारत-सिंगापुर द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास सिम्बेक्स-20 का आयोजन अंडमान सागर में किया जा रहा है।
2. 10 डिग्री चैनल अंडमान द्वीप और निकोबार द्वीप समूह को एक-दूसरे से अलग करता है।
3. म्याँमार से बहते हुए इरावदी नदी, अंडमान सागर में जाकर मिलती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
a. केवल 1 और 3
b. केवल 2
c. केवल 1 और 2
d. 1, 2 और 3

32. निम्नलिखित में से कर्नाटक का कौन-सा मंदिर होयसल वास्तुकला से संबंधित है?
1. हलेबिड का होयसलेश्वर मंदिर
2. सोमनाथपुरा का चेन्नेकेशवा मंदिर
3. हसन ज़िले के बेलूर में केशव मंदिर

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
a. केवल 1 और 2
b. केवल 1 और 3
c. केवल 3
d. 1, 2 और 3

**नोट :**

33. हाल ही में संपन्न हुआ 'आपराधिक वित्त और क्रिप्टोकरेंसी पर वैश्विक सम्मेलन' निम्नलिखित में से किन संस्थानों/संगठनों द्वारा स्थापित वर्किंग ग्रुप की एक पहल है?

1. यूरोपोल
2. इंटरपोल
3. विश्व बैंक

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1 और 3
b. केवल 3
c. केवल 1 और 2
d. 1, 2 और 3

34. 'राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

a. यह एक संवैधानिक निकाय है, जिसका मुख्य कार्य भारत के अल्पसंख्यक समुदाय के हितों की रक्षा करना है।
b. बौद्ध धर्म को हिंदू धर्म का हिस्सा मानते हुए उसे इस निकाय में प्रतिनिधित्त्व नहीं दिया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

35. 'मसाला बॉण्ड' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये

1. उसका अभिप्राय उन बॉण्ड से है जो विदेशी संस्थाओं द्वारा भारत के मुद्रा बाज़ार में जारी किये जाते हैं।
2. इस प्रकार का बॉण्ड केवल भारतीय मुद्रा में जारी किया जाता है।
3. इस तरह का पहला बॉण्ड अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (IFC) द्वारा जारी किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 3
b. केवल 2
c. केवल 2 और 3
d. 1, 2 और 3

36. नागरिक पंजीकरण प्रणाली रिपोर्ट 2018 के आधार पर भारत के महत्त्वपूर्ण आँकड़ों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. जन्म के समय सबसे खराब लिंगानुपात हरियाणा में दर्ज किया गया।
2. यह रिपोर्ट जनगणना आयुक्त द्वारा प्रकाशित की गई थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

37. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'रोरीडोमायज़ फाइलोस्टैचायडिस' भारत के असम में खोजी गई आर्किड की एक नई प्रजाति है।
2. 'रोरीडोमायज़ फाइलोस्टैचायडिस' में जैव-संदीप्ति (Bioluminescent) जैसा विशेष गुण पाया जाता है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1

b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों

d. न तो 1 और न 2

38. हाल ही में समाचारों में रहा 'सेंटिनल-6 उपग्रह' संबंधित है:

a. महासागरों की निगरानी से

b. आतंकवादी गतिविधियों की निगरानी से

c. वनाग्नि की निगरानी से

d. भूमि क्षरण की निगरानी से

39. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वर्ष 2004 में स्थापित लाइफसेल (LifeCell) भारत का पहला एवं सबसे बड़ा स्टेम सेल बैंक है।

2. कॉर्ड ब्लड में रक्त बनाने वाली स्टेम कोशिकाएँ होती हैं जो कुछ रक्त एवं प्रतिरक्षा प्रणाली विकारों के इलाज में उपयोग की जाती हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1

b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों

d. न तो 1 और न ही 2

40. 'नेगेटिव यील्ड बॉण्ड' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'नेगेटिव यील्ड बॉण्ड' खरीदने पर निवेशक को बॉण्ड की परिपक्वता अवधि पर बॉण्ड के कुल मूल्य से कम राशि प्राप्त होती है।

2. इसमें बॉण्ड यील्ड नकारात्मक होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1

b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों

d. न तो 1 और न ही 2

41. विलवणीकरण संयंत्र (Desalination process) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. जल से निकाला गया नमक लवणीयता में परिवर्तन ला सकता है और जल में ऑक्सीजन की मात्रा कम कर सकता है।

2. फिश बायोमास को बढ़ाने के लिये विलवणीकरण प्रक्रिया से निर्वहन (खारे जल) का उपयोग एक्वाकल्चर के लिये किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1

b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों

d. न तो 1 और न ही 2

42. ब्रह्मोस मिसाइल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

नोट :

1. मिसाइल का नाम दोनों देशों में पूजित देवताओं ब्रह्मा तथा मोस्कवा (Moskva) के समामेलन पर आधारित है।
2. यह एक लंबी दूरी की सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइल है जिसे पनडुब्बियों, जहाज़ों, विमानों या ज़मीन से लॉन्च किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

43. भारतीय क्षेत्रीय नेविगेशन उपग्रह प्रणाली (IRNSS) के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. यह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा विकसित एक स्वतंत्र क्षेत्रीय नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम है।
2. IRNSS समूह NavIC में जीपीएस की तुलना में बेहतर स्थिति सटीकता है।
3. IRNSS वर्ल्ड वाइड रेडियो नेविगेशन सिस्टम का एक मान्यता प्राप्त घटक है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2
c. 2 और 3 ही
d. 1, 2 और 3

44. 'चांग' ई-5 प्रोब' मिशन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह लूनर सामग्री एकत्रित करने और पृथ्वी पर वापस लाने का प्रयास करेगा।
2. यह चंद्रमा पर जाने वाला चीन का पहला मिशन है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

45. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राष्ट्रीय पोषण मिशन में बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिये पोषण परिणामों में सुधार की परिकल्पना की गई है।
2. राष्ट्रीय पोषण रणनीति का उद्देश्य वर्ष 2022 तक कुपोषण मुक्त भारत का लक्ष्य प्राप्त करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न 2

46. 'प्रगति' (PRAGATI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे केंद्र सरकार की योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिये नीति आयोग (NITI Ayog) द्वारा डिज़ाइन किया गया है।
2. यह एक त्रिस्तरीय प्रणाली है, जिसमें संबंधित राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1

b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों

d. न तो 1 और न ही 2

47. 'उत्तर हिंद महासागर क्षेत्र' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. चक्रवात गति, निसर्ग, अम्फान और निवार सभी उत्तर हिंद महासागर क्षेत्र से संबंधित हैं।
2. भारत, बांग्लादेश, चीन, यूएई और यमन उत्तर हिंद महासागर क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1

b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों

d. न तो 1 और न ही 2

48. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (PMKSY) एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
2. पीएमकेएसवाई का उद्देश्य अनुदान के रूप में पूंजीगत सब्सिडी प्रदान करके कृषि को अनुपूरक बनाना है।
3. पीएमकेएसवाई योजना कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा शुरू की गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 2

b. 2 और 3 ही

c. केवल 2

d. 1, 2 और 3

49. 'ला नीना' (La Nina) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह मध्य और पूर्वी भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में समुद्र की सतह के तापमान के बड़े पैमाने पर शीतलन को संदर्भित करता है।
2. यह दक्षिण पश्चिम मानसून से जुड़ी वर्षा को घटाती है लेकिन पूर्वोत्तर मानसून से जुड़ी वर्षा पर सकारात्मक प्रभाव डालती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1

b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों

d. न तो 1 और न ही 2

50. हाल ही में समाचारों में रही 'ब्रू जनजाति' निम्नलिखित में से किस भौगोलिक क्षेत्र से संबंधित है:

a. पूर्वोत्तर भारत

b. नीलगिरी

c. अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह

d. छत्तीसगढ़ के मैदानी क्षेत्र

51. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. TX2 अवार्ड की स्थापना वर्ष 2002 में जोहान्सबर्ग अर्थ समिट के दौरान की गई थी।
2. TX2 लक्ष्य वर्ष 2022 तक विश्व के जंगली बाघों की संख्या को दोगुना करने की वैश्विक प्रतिबद्धता है।
3. पीलीभीत टाइगर रिज़र्व ने हाल ही में बाघों की संख्या दोगुनी करने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति करने लिये TX2 अवार्ड जीता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 2

b. केवल 2 और 3

c. केवल 2

d. 1, 2 और 3

52 'राष्ट्रीय निवेश और अवसंरचना कोष' (NIIF) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक सरकार समर्थित इकाई है, जिसकी स्थापना देश के अवसंरचना क्षेत्र को दीर्घकालिक पूंजी प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी।
2. इसमें भारत सरकार की हिस्सेदारी सबसे अधिक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

53. राष्ट्रपति और राज्यपाल की क्षमादान की शक्तियों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सैन्य मामलों से संबंधित सजा के मामलों में राष्ट्रपति के पास क्षमादान की शक्ति है।
2. राज्यपाल के पास मृत्युदंड को क्षमा करने की शक्ति नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1

b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों

d. न तो 1 और न ही 2

54. 'गरिमा गृह' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी शुरुआत सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा की गई है।
2. गरिमा गृह, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिये आश्रय गृह होगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

a. केवल 1

b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों

d. न तो 1 और न ही 2

55. एक राष्ट्र-एक चुनाव के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह चुनावी खर्चों पर नज़र रखने में मदद करेगा।
2. यह सरकार की नीतियों का समय पर कार्यान्वयन सुनिश्चित करेगा।
3. यह प्रशासनिक व्यवस्था पर बोझ को कम करेगा।

उपर्युक्त कथनों में से किसे 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के लाभ के रूप में संदर्भित किया जा सकता है?

a. केवल 1

b. केवल 2 और 3

c. केवल 1 और 3

d. 1, 2 और 3

56. निम्नलिखित में से कौन-से क्षेत्रीय/अंतर्राष्ट्रीय मंच में भारत और वियतनाम दोनों शामिल हैं?
 1. आसियान डिफेंस मिनिस्टर्स मीटिंग प्लस (ADMM-Plus)
 2. पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन
 3. एशिया-यूरोप मीटिंग (ASEM)
 4. मेकांग गंगा सहयोग

 नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
 a. केवल 1, 2 और 3
 b. केवल 2, 3 और 4
 c. केवल 1, 3 और 4
 d. 1, 2, 3 और 4

57. 'मीठी क्रांति' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
 1. इसे भारत सरकार द्वारा गन्ने का उत्पादन बढ़ाने के लिये लॉन्च किया गया है।
 2. इसका उद्देश्य किसानों की आय को दोगुना करना और आदिवासियों का उत्थान सुनिश्चित करना है।

 उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
 a. केवल 1
 b. केवल 2
 c. 1 और 2 दोनों
 d. न तो 1 और न ही 2

58. 'इंडिया क्लाइमेट चेंज नॉलेज पोर्टल' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
 1. इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के मुद्दों से निपटने के लिये सरकार के प्रयासों के संदर्भ में नागरिकों के बीच ज्ञान का प्रसार करना है।
 2. अंतर्राष्ट्रीय जलवायु वार्ता इस नॉलेज पोर्टल का एक घटक नहीं है।

 उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
 a. केवल 1
 b. केवल 2
 c. 1 और 2 दोनों
 d. न तो 1 और न ही 2

59. निम्नलिखित में से कौन-सा परिवर्तन 42वें संविधान संशोधन अधिनियम के माध्यम से नहीं किया गया है?
 1. 'राष्ट्र की एकता' शब्द को 'राष्ट्र की एकता और अखंडता' शब्द में बदल दिया गया।
 2. 'संपत्ति के अधिकार' को मौलिक अधिकारों की सूची से हटा दिया गया और वर्ष 1976 में इसे एक कानूनी अधिकार घोषित किया गया।
 3. मंत्रिमंडल द्वारा राष्ट्रपति को दी गई लिखित सलाह के आधार पर ही आपातकाल घोषित किया जा सकता है।

 नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
 a. केवल 1 और 2
 b. केवल 2 और 3
 c. केवल 1 और 3
 d. 1, 2 और 3

60. RT-PCR टेस्ट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
 1. इसका आविष्कार कैरी मुलिस द्वारा किया गया था।
 2. इसमें वायरस का पता लगाने के लिये डीएनए के एक खंड की प्रतियों का उपयोग किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1

b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों

d. न तो 1 और न ही 2

61. ब्रह्मपुत्र नदी के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. इसका उद्गम चेमायुंगडुंग ग्लेशियर से होता है।
2. तीस्ता और मानस इसकी बायें किनारे पर मिलने वाली सहायक नदियाँ हैं।

नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1

b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों

d. न तो 1 और न ही 2

62. सिख धर्म के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. गुरु अर्जन देव सिख धर्म दसवें सिख गुरु थे।
2. आदि ग्रंथ की रचना गुरु गोविंद सिंह ने की थी।
3. 'संगत' एक सामूहिक पूजा पद्धति है जिसमें सामूहिक पाठ शामिल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1

b. केवल 2 और 3

c. केवल 3

d. 1, 2 और 3

63. 'मिशन COVID सुरक्षा' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत के लिये स्वदेशी, सस्ती और सुलभ वैक्सीन के विकास को सक्षम बनाने हेतु भारत का लक्षित प्रयास है।
2. इसे केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत एक मिशन कार्यान्वयन इकाई द्वारा कार्यान्वित किया जाएगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1

b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों

d. न तो 1 और न ही 2

64. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. टाइप -1 मधुमेह में शरीर पर्याप्त इंसुलिन का उत्पादन करने में विफल रहता है।
2. टाइप -2 डायबिटीज में, यद्यपि शरीर इंसुलिन का उत्पादन करता है किंतु कोशिकाएँ इसकी प्रतिक्रिया देने में विफल रही हैं।
3. टाइप -2 मधुमेह को 'किशोर-मधुमेह' के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि यह अधिकतर 14-16 वर्ष की आयु के बच्चों को प्रभावित करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से नहीं सही है/हैं?

a. केवल 1 और 2

b. केवल 2

c. केवल 3

d. 1, 2 और 3

नोट :

65. भारतीय रेलवे के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. रेड हिल रेलवे भारत का पहला रेलवे था।
2. भारतीय रेलवे का भारत सरकार अधिनियम-1935 द्वारा राष्ट्रीयकरण किया गया था।
3. पहली इलेक्ट्रिक पैसेंजर ट्रेन विक्टोरिया टर्मिनस और कुर्ला के बीच चलाई गई थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

## व्याख्या

1.(d)

**व्याख्या:**

- वर्ष 1899-1900 में बिरसा मुंडा के नेतृत्व में हुआ मुंडा विद्रोह छोटा नागपुर (झारखंड) के क्षेत्र में सर्वाधिक चर्चित विद्रोह था। इस विद्रोह की शुरुआत मुंडा जनजाति की पारंपरिक व्यवस्था खूंटकटी की ज़मींदारी व्यवस्था में परिवर्तन के कारण हुई। इस विद्रोह में महिलाओं की भूमिका भी उल्लेखनीय रही। अत: युग्म 1 सही है।
- सन्यासी विद्रोह (बंगाल): यह विद्रोह वर्ष 1770 में प्रारम्भ हुआ था किंतु 19वीं शताब्दी के दूसरे दशक वर्ष 1820 तक चलता रहा। इस विद्रोह का प्रमुख कारण तीर्थ यात्रियों द्वारा तीर्थ स्थानों पर यात्रा करने से प्रतिबंध लगाया जाना था। सन्यासी मुख्यतया हिंदू नागा और गिरि के सशस्त्र सन्यासी थे जो कभी मराठों, राजपूतों तथा बंगाल और अवध के नवाबों की सेनाओं में सैनिक थे। अत: युग्म 2 सही है।
- कोल विद्रोह: कोल छोटा नागपुर क्षेत्र में निवास करने वाली जनजातियों में से एक थे। वे अपने पारंपरिक प्रमुखों के तहत पूर्ण स्वायत्तता में रहते थे किंतु अंग्रेज़ों के आने से स्थिति बदल गई। अंग्रेज़ों के साथ-साथ साहूकार एवं व्यापारी भी आए। जिससे क्षेत्र में बाहरी किसानों के प्रवेश के साथ कोल समुदाय ने अपनी जमीनें खो दीं और करों के रूप में भारी मात्रा में पैसा देना पड़ा। इसके चलते कई कोल बंधुआ मजदूर बन गए। ब्रिटिश न्यायिक नीतियों के कारण भी कोलों में नाराज़गी थी। परिणामत: वर्ष 1831-32 में अंग्रेजों एवं साहूकारों के खिलाफ कोल लोगों ने विद्रोह किया। उन्होंने कई बाहरी लोगों को मार डाला और घरों को जला दिया। यह सशस्त्र विद्रोह दो वर्ष तक चला जिसके बाद इसे अंग्रेज़ों ने बेरहमी से दबा दिया। अत: युग्म 3 सही है।

2. (a)

**व्याख्या:**

- हाल ही में महाराष्ट्र के बुलढाणा ज़िले की लोनार झील (Lonar lake) को रामसर स्थल (Ramsar Site) घोषित किया गया है, यह महाराष्ट्र का दूसरा रामसर स्थल है। अत: कथन 1 सही है।
- लोनार झील महाराष्ट्र के बुलढाणा ज़िले के लोनार में स्थित एक क्रेटर झील (Crater-Lake) है और इसका निर्माण प्लीस्टोसीन काल (Pleixtocene Epoch) में उल्कापिंड के गिरने से हुआ था जो 1.85 किमी. के व्यास एवं 500 फीट की गहराई के साथ बेसाल्टिक चट्टानों से निर्मित है। अत: कथन 2 सही है।
- आर्द्रभूमि/वेटलैंड्स पर रामसर अभिसमय/कन्वेंशन की स्थायी समिति द्वारा अगले दो वर्षों 2020 और 2021 के लिये स्वीकृत की गई थीम्स हैं:
- वर्ष 2020- आर्द्रभूमि और जैव-विविधता (Wetlands and Biodiversity)
- वर्ष 2021- आर्द्रभूमि और जल (Wetlands and Water)
- अत: कथन 3 सही नहीं है।

नोट :

**3. ( c )**

**व्याख्या:**

- 'गोल्डन वीज़ा' कार्यक्रम का उद्देश्य आप्रवासी निवेशकों के लिये एक आकर्षक वातावरण का निर्माण करना है, जो देश में व्यावसायिक विकास को प्रोत्साहित करेगा और नई प्रतिभाओं को आकर्षित करेगा। अत: कथन 1 सही है।
- हाल ही में संयुक्त अरब अमीरात ने 'गोल्डन वीज़ा' कार्यक्रम के तहत के तहत 10-वर्षीय वीज़ा प्रणाली को अपनाया है। अत: कथन 2 सही है।

**4. ( d )**

**व्याख्या:**

- क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी (RCEP) एक व्यापक क्षेत्रीय आर्थिक समझौता है। इस समझौते की औपचारिक शुरुआत वर्ष 2012 से की गई, जिसका उद्देश्य आसियान और इसके मुक्त व्यापार समझौते (FTA) के भागीदार सदस्यों के बीच व्यापार नियमों को उदार एवं सरल बनाना है। इसके सदस्यों में 10 आसियान देश (इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपिंस, सिंगापुर, थाईलैंड, ब्रूनेई, वियतनाम, लाओस, म्याँमार, कंबोडिया) और पाँच अन्य देश (ऑस्ट्रेलिया, चीन, जापान, न्यूज़ीलैंड, दक्षिण कोरिया) शामिल हैं।
- अत: विकल्प (d) सही है।

**5. ( a )**

**व्याख्या:**

- इसे (सूर सरोवर झील) सूर सरोवर पक्षी अभ्यारण्य के भीतर स्थित कीठम झील के नाम से भी जाना जाता है, जिसे वर्ष 1991 में पक्षी अभ्यारण्य घोषित किया गया था। सूर सरोवर पक्षी अभ्यारण्य 7.97 वर्ग किमी. क्षेत्र में फैला हुआ है। अत: कथन 1 सही है।
- यह झील उत्तर प्रदेश के आगरा में यमुना नदी के किनारे स्थित है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- यह प्रवासी और निवासी पक्षियों की 165 से अधिक प्रजातियों का निवास स्थल है।
- यहाँ डांसिंग बियर के बचाव हेतु एक 'बियर रेस्क्यू सेंटर' (Bear Rescue centre) भी स्थापित किया गया है।

**6. ( a )**

**व्याख्या:**

- हाल ही में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री द्वारा केंद्रीय गृह मंत्री को पत्र लिखकर बस्तर क्षेत्र में वामपंथी उग्रवाद प्रभावित ज़िलों में नक्सलवाद के प्रभाव को समाप्त करने के लिये एक 'पाँच सूत्री योजना' के क्रियान्वयन में सहयोग की मांग की गई।
- अत: विकल्प (a) सही है।

**7. ( d )**

**व्याख्या:**

- इथियोपिया की सरकार ने बीते दिनों अपने ही देश के उत्तरी टाइग्रे क्षेत्र (Tigray Region) के विरुद्ध सशस्त्र संघर्ष की घोषणा की थी, जिसके कारण अब तक सैकड़ों लोगों की मृत्यु हो चुकी है और यह क्षेत्र अभी भी हिंसा की आग में जल रहा है।
- इथियोपिया के प्रधानमंत्री और नोबेल शांति पुरस्कार विजेता अबी अहमद के मुताबिक, यह सैन्य अभियान मुख्य तौर पर इस क्षेत्र में शासन करने वाले संगठन टाइग्रेन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट (TPLF) पर केंद्रित है।
- अत: विकल्प (d) सही है।

**8. ( a )**

**व्याख्या:**

- कोर मुद्रास्फीति में खाद्य एवं ईंधन की कीमतों में होने वाले उतार-चढ़ाव को शामिल नहीं किया जाता है जबकि हेडलाइन मुद्रास्फीति में खाद्य एवं ईंधन की कीमतों में होने वाले उतार-चढ़ाव को भी शामिल किया जाता है। अत: कथन 1 सही है।

**नोट :**

- हेडलाइन मुद्रास्फीति को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आधार पर तैयार किया जाता है। कोर मुद्रास्फीति की तुलना में हेडलाइन आधारित मुद्रास्फीति उपभोक्ताओं पर मुद्रास्फीति के प्रभाव का आकलन करने का बेहतर तरीका है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

**9. (d)**

**व्याख्या:**

- गोदावरी, प्रायद्वीपीय भाग का सबसे बड़ा नदी तंत्र है। यह महाराष्ट्र में नासिक ज़िले से निकलती है और बंगाल की खाड़ी में गिरती है। इसकी सहायक नदियाँ महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा और आंध्र प्रदेश राज्यों से गुज़रती हैं। यह 1465 किलोमीटर लंबी नदी है।
- इसके जलग्रहण क्षेत्र का 49% भाग महाराष्ट्र में 20% भाग मध्य प्रदेश तथा छत्तीसगढ़ में और शेष भाग आंध्र प्रदेश में पड़ता है। पेनगंगा, इंद्रावती, प्राणहिता और मंजरा इसकी मुख्य सहायक नदियाँ हैं।
- गोदावरी डेल्टा में अवस्थित कोरिंगा मैंग्रोव वन क्षेत्र (Coringa Mangrove Forests) के एक हिस्से को कोरिंगा वन्यजीव अभ्यारण्य (Coringa Wildlife Sanctuary) घोषित किया गया है।
- गोदावरी बेसिन में अवस्थित प्रमुख अभ्यारण्य/राष्ट्रीय पार्क/टाइगर रिज़र्व: इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान (Indravati National Park), कवाल वन्यजीव अभयारण्य (Kawal Wildlife Sanctuary), कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान (Kanger Ghati National Park), किन्नेरसानी वन्यजीव अभयारण्य (Kinnerasani Wildlife Sanctuary), बोर वन्यजीव अभयारण्य (Bor Wildlife Sanctuary), कोल्लेरू वन्यजीव अभयारण्य (Kolleru Wildlife Sanctuary), मंजीरा वन्यजीव अभयारण्य (Manjira Wildlife Sanctuary), पापिकोंडा वन्यजीव अभयारण्य (Papikonda Wildlife Sanctuary), पेंच नेशनल पार्क (Pench National Park), ताडोबा अंधारी टाइगर रिज़र्व (Tadoba Andhari Tiger Project)
- अत: विकल्प (d) सही है।

**10. (c)**

**व्याख्या:**

- गोदावरी बेसिन में स्थित कलसुबाई (Kalsubai), महाराष्ट्र की सबसे ऊँची चोटी है। अत: कथन 1 सही है।
- गोदावरी प्रायद्वीपीय भाग का सबसे बड़ा नदी तंत्र है। यह महाराष्ट्र में नासिक ज़िले से निकलती है और बंगाल की खाड़ी में गिरती है। पेनगंगा, इंद्रावती, प्राणहिता और मंजरा इसकी मुख्य सहायक नदियाँ हैं। अत: कथन 2 सही है।

**11. (c)**

**व्याख्या:**

- हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिये 'अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद' (All India Council for Technical Education-AICTE) के अभिनव शिक्षा कार्यक्रम 'लीलावती अवार्ड-2020' (Lilavati Award-2020) की शुरुआत की। अत: कथन 1 सही है।
- इस पुरस्कार की थीम 'महिला सशक्तीकरण' (Women Empowerment) है। और इसका उद्देश्य सफाई, स्वच्छता, स्वास्थ्य, पोषण, साक्षरता, रोज़गार, प्रौद्योगिकी, ऋण, विपणन, नवाचार, कौशल विकास, प्राकृतिक संसाधनों और महिलाओं के अधिकारों जैसे मुद्दों के बारे में जागरूकता पैदा करना है। अत: कथन 2 सही है।
- इस पुरस्कार के अंतर्गत बहु-विषयक क्षेत्रों को कवर किया जाएगा जिनमें महिलाओं का स्वास्थ्य, आत्म-रक्षा, स्वच्छता, साक्षरता, उद्यमशीलता और कानूनी जागरूकता संबंधी विषय शामिल हैं।

**12. (b)**

**व्याख्या:**

- ऊर्जा दक्षता सेवा लिमिटेड (EESL), विद्युत मंत्रालय और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग (Department of New & Renewable Energy- DNRE) के तहत सार्वजनिक उपक्रमों का एक संयुक्त उद्यम है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

नोट :

- हाल ही में ऊर्जा दक्षता सेवा लिमिटेड (Energy Efficiency Services Limited- EESL) और गोवा सरकार ने राज्य में भारत के पहले कन्वर्जेंस प्रोजेक्ट (India's first Convergence Project) को शुरू करने के संबंध में चर्चा के लिये एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं। अत: कथन 2 सही है।
- इस समझौता ज्ञापन के तहत EESL एवं DNRE व्यवहार्यता अध्ययन और उसके बाद विकेंद्रीकृत सौर ऊर्जा परियोजनाओं के कार्यान्वयन को अंजाम देंगे।
- EESL सौर ऊर्जा परियोजनाओं को क्रियान्वित करेगा।
- कृषि पंपिंग के लिये इस्तेमाल की जाने वाली सरकारी ज़मीनों पर 100 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना करेगा।
- यह लगभग 6300 कृषि पंपों को BEE स्टार रेटेड ऊर्जा कुशल पंपों से बदल देगा और ग्रामीण इलाकों में लगभग 16 लाख एलईडी बल्ब वितरित करेगा।

**13. ( b )**

**व्याख्या:**

- परम्बिकुलम टाइगर रिज़र्व दक्षिण भारत के केरल राज्य के पलक्कड़ ज़िले में 391 वर्ग किलोमीटर का संरक्षित क्षेत्र है। यहाँ वन्यजीव अभ्यारण्य, जिसका क्षेत्रफल 285 वर्ग किलोमीटर है, वर्ष 1973 में स्थापित किया गया था। परम्बिकुलम वन्यजीव अभ्यारण्य को 19 फरवरी, 2010 को परम्बिकुलम टाइगर रिज़र्व के हिस्से के रूप में घोषित किया गया था। यह अन्नामलाई हिल्स और नेल्लीयाम्पथी (Nelliyampathy) पहाड़ियों के बीच पहाड़ियों की सुंगम (Sungam) श्रेणी में अवस्थित है। अत: युग्म 1 सही नहीं है।
- ताडोबा-अंधारी टाइगर रिज़र्व मध्य भारत में महाराष्ट्र राज्य के चंद्रपुर ज़िले में स्थित है। ताडोबा वन्यजीव अभ्यारण्य को वर्ष 1955 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया था और अंधारी वन्यजीव अभ्यारण्य को वर्ष 1986 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया था। यह महाराष्ट्र का सबसे पुराना और सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान है। महाराष्ट्र राज्य में स्थापित पहला टाइगर रिज़र्व मेलघाट टाइगर रिज़र्व (1973-74) है। अत: युग्म 2 सही है।
- रातापानी टाइगर रिज़र्व (Ratapani Tiger Reserve) मध्य प्रदेश के भोपाल-रायसेन वन प्रभाग में 890 वर्ग किमी. में फैला हुआ है। रायसेन, सीहोर और भोपाल ज़िलों का लगभग 3,500 वर्ग किमी. का क्षेत्र इसी अभ्यारण्य के लिये आरक्षित किया गया है। अत: युग्म 3 सही है।

**14. ( c )**

**व्याख्या:**

- काकापो तोता (जिसका माओरी भाषा में अर्थ 'नाइट पैरेट' है), जिसे 'उल्लू तोता' (Owl Parrot) के रूप में भी जाना जाता है, न्यूज़ीलैंड का रात्रिचर एवं न उड़ पाने वाला तोता है। वर्तमान में इनकी कुल संख्या 147 है।
- गंभीर रूप से संकटग्रस्त (Critically Endangered) काकापो तोता (Kakapo Parrot) ने अभूतपूर्व रूप से दूसरी बार न्यूज़ीलैंड बर्ड ऑफ द ईयर 2020 (New Zealand Bird of the Year 2020) प्रतियोगिता जीती है। अत: कथन 1 सही है।
- इसे IUCN की रेड लिस्ट में गंभीर रूप से संकटग्रस्त (Critically Endangered) श्रेणी में तथा CITES में परिशिष्ट 1 (Appendix 1) में सूचीबद्ध किया गया है। अत: कथन 2 सही है।

**15. ( c )**

**व्याख्या:**

- भारतीय राष्ट्रीय कला एवं सांस्कृतिक धरोहर ट्रस्ट (Indian National Trust For Art And Cultural Heritage-INTACH), विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश) के 'एर्रा मट्टी डिब्बालू' (Erra Matti Dibbalu) अर्थात् लाल रेत के टीले, प्राकृतिक चट्टानीय संरचनाओं, बोर्रा गुफाओं (Borra Caves) और अराकू ज्वालामुखीय ऐश निक्षेपण आदि भू-वैज्ञानिक स्थलों के लिये 'यूनेस्को ग्लोबल जियो पार्क' (UNESCO Global Geopark) के रूप में मान्यता प्राप्त करने का प्रयास कर रहा है। अत: विकल्प (c) सही है।

नोट :

**16. (a)**

**व्याख्या:**

- एचआईवी रोकथाम के लिये वैश्विक निवारण गठबंधन (Global Prevention Coalition- GPC) की मंत्रिस्तरीय बैठक जिसे 'वैश्विक HIV रोकथाम गठबंधन' (Global HIV Prevention Coalition) की ओर से यूएनएड्स (UNAIDS) और 'संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष' (United Nations Population Fund- UNFPA) द्वारा आयोजित किया गया था, में वर्ष 2030 तक एड्स को समाप्त करने के लिये वर्ष 2016 की 'UNGA प्रतिबद्धता' (UNGA Commitment) के लक्ष्य को प्राप्त करने के दृष्टिकोण पर चर्चा की गई।
- यूएनएड्स एक समस्या-समाधानकर्त्ता की भूमिका निभाता है। इसकी स्थापना संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद (United Nations Economic and Social Council- ECOSOC) द्वारा की गई थी और यह संयुक्त राष्ट्र का एकमात्र संयुक्त कार्यक्रम है। अत: कथन 1 सही है।
- UNAIDS वर्ष 2030 तक सतत् विकास लक्ष्यों (Sustainable Development Goals) के हिस्से के रूप में एड्स को (सार्वजनिक स्वास्थ्य के खतरे को) समाप्त करने के वैश्विक प्रयास का नेतृत्त्व कर रहा है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- अपनी 37वीं बैठक में 'यूएनएड्स प्रोग्राम कोऑर्डिनेटिंग बोर्ड' ने वर्ष 2030 तक सार्वजनिक स्वास्थ्य के खतरे के रूप में एड्स महामारी को समाप्त करने के लिये एक नई रणनीति अपनाई।
- यूएनएड्स (UNAIDS) वर्ष 2016-2021 की रणनीति संयुक्त राष्ट्र प्रणाली में पहली है जो सतत् विकास लक्ष्यों से संबद्ध है, जिसने अगले 15 वर्षों में वैश्विक विकास नीति के लिये रूपरेखा तैयार की, इसका उद्देश्य वर्ष 2030 तक एड्स महामारी को समाप्त करना है।

**17. (b)**

**व्याख्या:**

- गिल्लन बर्रे सिंड्रोम (GBS): यह एक बहुत ही दुर्लभ ऑटोइम्यून विकार (Autoimmune Disorder) है। यह बैक्टीरिया या वायरल संक्रमण के कारण होता है।
- वर्तमान में कोरोनावायरस से संक्रमित लोगों के साथ-साथ अतीत में 'मिडिल-ईस्ट रेस्पिरेटरी सिंड्रोम' (Middle East Respiratory Syndrome) के मरीज़ों में GBS के लक्षण दिखाई दिये थे जैसा कि ज़ीका, एचआईवी, हर्पीस वायरस (Herpes Virus) और कैंपिलोबैक्टर जेजुनी (Campylobacter Jejuni) से संक्रमित लोगों में देखा गया था। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इस विकार से ग्रसित रोगी की प्रतिरक्षा प्रणाली कोरोनावायरस को मारने के प्रयास में गलती से परिधीय तंत्रिका तंत्र (Peripheral Nervous System) पर हमला करना शुरू कर देती है, जिससे शरीर के अंगों की कार्य करने की क्षमता प्रभावित होती है। परिधीय तंत्रिका तंत्र, तंत्रिकाओं का एक नेटवर्क है जो मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी द्वारा शरीर के विभिन्न हिस्सों से संबद्ध होता है। अत: कथन 2 सही है।

**18. (c)**

**व्याख्या:**

- केरल फाइबर ऑप्टिक नेटवर्क प्रोजेक्ट (Kerala Fibre Optic Network Project-KFON) केरल राज्य बिजली बोर्ड (Kerala State Electricity Board) और केरल राज्य आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (Kerala State IT Infrastructure Ltd) की एक संयुक्त पहल है। 1548 करोड़ रुपए की KFON परियोजना में 50% हिस्सेदारी KSEB के पास बाकी हिस्सेदारी केरल राज्य आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के पास है। इंटरनेट सेवा प्रदाता और केबल टेलीविज़न ऑपरेटर भी अपनी सेवाएँ प्रदान करने के लिये इस परियोजना में शामिल हो सकते हैं। अत: कथन 1 सही है।
- इस परियोजना का उद्देश्य, केरल सरकार द्वारा 'इंटरनेट एक्सेस को नागरिक अधिकार' बनाने संबंधी अवधारणा को पूरा करना है।
- इस परियोजना का लक्ष्य गरीबी रेखा से नीचे (Below Poverty Line- BPL) जीवन जीने वाले 20 लाख से अधिक परिवारों को मुफ्त उच्च गति के इंटरनेट की सुविधा प्रदान करना है। अत: कथन 2 सही है।

नोट :

19: ( c )

**व्याख्या:**

- 'प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन (PM-FME) योजना' केंद्र सरकार द्वारा प्रवर्तित योजना है और आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत प्रारंभ की गई है। अत: कथन 1 सही है।
- इस योजना का उद्देश्य खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में असंगठित रूप से कार्य कर रहे छोटे उद्यमियों को बढ़ावा देना और इस क्षेत्र में एक स्वस्थ्य प्रतिस्पर्द्धा हेतु अनुकूल वातावरण का निर्माण करना है।
- इसके साथ की इस क्षेत्र से जुड़े कृषक उत्पादक संगठनों, स्वयं सहायता समूहों, सहकारी उत्पादकों को भी सहायता प्रदान करना है। अत: कथन 2 सही है।

20. ( d )

**व्याख्या:**

- हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जैन आचार्य श्री विजय वल्लभ सुरिश्वर जी महाराज की 151वीं जयंती के अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्थान के पाली ज़िले में 'स्टैच्यू ऑफ पीस' का अनावरण किया।
- 151 इंच ऊँची यह प्रतिमा अष्टधातु से बनाई गई है, इन 8 धातुओं में तांबा प्रमुख घटक है। 'स्टैच्यू ऑफ पीस' का अनावरण करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 'स्टेचू ऑफ पीस', विश्व में शांति, अहिंसा और सेवा का एक प्रेरणास्रोत बनेगा।
- जैन आचार्य श्री विजय वल्लभ सुरिश्वर जी महाराज (वर्ष 1870-1954) ने अपने संपूर्ण जीवन में जैन संत के रूप में निष्ठा पूर्वक और समर्पित रूप से भगवान महावीर के संदेश को फैलाने का महत्त्वपूर्ण कार्य किया।
- श्री विजय वल्लभ सुरिश्वर जी महाराज ने जनता के कल्याण, शिक्षा के प्रसार, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के लिये भी अथक परिश्रम किया। उन्होंने प्रेरणादायक साहित्य (कविता, निबंध और भक्ति भजन) की भी रचना की और भारत के स्वतंत्रता आंदोलन तथा स्वदेशी को अपनाने का समर्थन किया।
- अत: विकल्प (d) सही है।

21. ( d )

**व्याख्या:**

- 'व्यपगत सिद्धांत' (Doctrine of Lapse) के मुताबिक, यदि ईस्ट इंडिया कंपनी के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष नियंत्रण में आने वाली किसी रियासत के शासक के पास कानूनी तौर पर पुरुष उत्तराधिकारी नहीं है तो कंपनी द्वारा इस रियासत का अधिग्रहण कर लिया जाएगा।
- झाँसी के महाराजा गंगाधर राव की मृत्यु के बाद अंग्रेज़ों ने 'व्यपगत सिद्धांत' (Doctrine of Lapse) का हवाला देते हुए महाराजा के दत्तक पुत्र दामोदर राव को झाँसी के सिंहासन के कानूनी उत्तराधिकारी के रूप में स्वीकार करने से इनकार कर दिया था।
- अत: विकल्प (d) सही है।

22. ( d )

**व्याख्या:**

- छठ एक प्राचीन हिंदू वैदिक त्योहार है जो ऐतिहासिक रूप से भारतीय उपमहाद्वीप में भारतीय राज्यों बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश तथा नेपाल के मधेश क्षेत्र में मनाया जाता है।
- छठ पूजा सूर्य देवता और षष्ठी देवी (छठी मैया) को समर्पित है। यह एकमात्र ऐसा त्योहार है जिसमें न केवल उगते सूर्य की पूजा की जाती है बल्कि सूर्यास्त यानी उषा एवं प्रत्यूषा की भी पूजा की जाती है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इस त्योहार में मूर्तिपूजा शामिल नहीं है। छठ पूजा, जिसे सूर्य षष्ठी (Sun Shashthi) के रूप में भी जाना जाता है, कार्तिक शुक्ल षष्ठी (Kartik Shukla Shashthi) को मनाई जाती है। यह पर्व दिवाली के 6 दिन बाद मनाया जाता है। अत: कथन 2 सही है।
- 19 नवंबर, 2020 को केंद्रीय संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने छठ पूजा पर 'माई स्टाम्प' (My Stamp on Chhath Puja) जारी किया। अत: कथन 3 सही है।

नोट :

**23. (a)**

**व्याख्या:**

- पैलेआर्कटिक इकोज़ोन पृथ्वी की सतह को विभाजित करने वाले आठ भागों [1. पैलेआर्कटिक (Palearctic) 2. निआर्कटिक (Nearctic) 3. एफ्रोट्रॉपिक (Afrotropic) 4. नेओट्रॉपिक (Neotropic) 5. ऑस्ट्रालेशिया (Australasia) 6. इंडोमलाया (Indomalaya) 7. ओशिनिया (Oceania) 8. अंटार्कटिक (Antarctic)] में से एक है। एक इकोज़ोन या बायोजियोग्राफिक क्षेत्र (Biogeographic Realm) पृथ्वी की सतह पर सबसे बड़े पैमाने का बायोजियोग्राफिकल विभाजन (Biogeographic Division) है।
- पैलेआर्कटिक क्षेत्र के अंतर्गत पृथ्वी पर ऐसे कई इको क्षेत्र हैं: यूरो-साइबेरियाई क्षेत्र (Euro-Siberian Region), भूमध्यसागरीय बेसिन (Mediterranean Basin), सहारा (Sahara) और अरेबियन डेज़र्ट (Arabian Deserts), पश्चिमी, मध्य व पूर्वी एशिया।
- पैलेआर्कटिक अब तक का सबसे बड़ा इकोज़ोन है। इसमें यूरोप, एशिया में हिमालय की तलहटी का उत्तरी क्षेत्र, उत्तरी अफ्रीका और अरब प्रायद्वीप के उत्तरी तथा मध्य भागों के स्थलीय इको क्षेत्र शामिल हैं।
- पैलेआर्कटिक क्षेत्र के अंतर्गत कई नदियाँ एवं झीलें भी आती हैं, जिनमें कई मीठे पानी के जलीय क्षेत्रों का निर्माण करती हैं।
- अत: विकल्प (a) सही है।

**24. (b)**

**व्याख्या:**

- क्षेत्रीय तीव्र पारगमन प्रणाली' (Regional Rapid Transit System Project- RRTS) का उद्देश्य सड़क परिवहन पर कम्यूटर्स (Commuters) की निर्भरता को कम करने के लिये सड़क-सह रेल (Road-cum Rail) परिवहन प्रणाली का विकास करना है।
- कम्यूटर्स ऐसे व्यक्ति होते हैं जो नियमित रूप से कार्य करने के लिये मुख्य नगर के आसपास के क्षेत्रों से मुख्य नगर आने-जाने लिये कुछ किलोमीटर की दूरी तय करते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- हाल ही में दिल्ली-एनसीआर में RRTS परिवहन प्रणाली को अपनाने के लिये 500 मिलियन डॉलर के एक ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किये गए हैं।
- यह ऋण समझौता 'आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय', 'राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम' (NCRTC) लिमिटेड और 'न्यू डेवलपमेंट बैंक' (NDB) के बीच किया गया है। अत: कथन 2 सही है।

**25. (a)**

**व्याख्या:**

- ई-संजीवनी डॉक्टर-टू-डॉक्टर टेली-परामर्श सुविधा है। गौरतलब है कि इसके तहत वर्ष 2022 तक 'हब एंड स्पोक' (Hub and Spoke) मॉडल का उपयोग करते हुए देशभर के सभी 1.5 लाख स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों में टेली-परामर्श प्रदान करने की योजना बनाई गई है।
- 'स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र (HWC), 'ई-संजीवनी' (eSanjeevani) प्लेटफॉर्म के कार्यांवयन में प्रमुख भूमिका निभाता है।
- अत: विकल्प (a) सही है।

**26. (d)**

**व्याख्या:**

- आभासी न्यायालय भारत सरकार के कानून एवं न्याय मंत्रालय के न्याय विभाग के साथ-साथ उच्चतम न्यायालय की ई-समिति की एक पहल है। आभासी न्यायालय एक ऑनलाइन न्यायालय है, जिसे आभासी न्यायाधीश (जो एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक एल्गोरिथम है) द्वारा प्रबंधित किया जाता है। इसके अधिकार क्षेत्र को पूरे राज्य में बढ़ाया जा सकता है और यह 24X7 घंटे कार्य करता है।

नोट :

- वर्तमान में भारत में 9 आभासी न्यायालय कार्यरत हैं- दिल्ली (2 न्यायालय), हरियाणा (फरीदाबाद), महाराष्ट्र (पुणे और नागपुर), मद्रास, कर्नाटक (बंगलुरु), केरल (कोच्चि) और असम (गुवाहाटी)। ये सभी न्यायालय केवल ट्रैफिक चालान मामलों को निपटा रहे हैं।
- अत: विकल्प (d) सही है।

**27. ( c )**

**व्याख्या:**

- भारत, 'विश्वव्यापी रेडियो नेविगेशन प्रणाली' (World Wide Radio Navigation System- WWRNS) के एक भाग के रूप में अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन (IMO) द्वारा मान्यता प्राप्त अपने स्वतंत्र भारतीय क्षेत्रीय नेविगेशन उपग्रह प्रणाली (IRNSS) के साथ विश्व का चौथा देश बन गया है।
- 4 से 11 नवंबर, 2020 तक आयोजित अपनी हालिया बैठक के दौरान IMO की समुद्री सुरक्षा समिति ने IRNSS को विश्वव्यापी रेडियो नेविगेशन प्रणाली के एक घटक के रूप में मान्यता प्रदान की है।
- अन्य तीन देश जिनके पास IMO द्वारा मान्यता प्राप्त नेविगेशन प्रणाली हैं, वे संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस एवं चीन हैं।
- अत: विकल्प (c) सही है।

**28. ( c )**

**व्याख्या:**

- रुपे (RuPay) भारत में अपनी तरह का पहला घरेलू डेबिट और क्रेडिट कार्ड भुगतान नेटवर्क है। रुपे (RuPay) नेटवर्क का विकास भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) द्वारा किया गया है। अत: कथन (1) सही नहीं है।
- इस नेटवर्क का उपयोग सिंगापुर, भूटान, संयुक्त अरब अमीरात (UAE), बहरीन और सऊदी अरब जैसे देशों में लेन-देन के लिये किया जा सकता है। जनवरी 2020 तक 600 मिलियन से अधिक रुपे कार्ड धारक थे। अत: कथन (2) सही नहीं है।

**29. ( b )**

**व्याख्या:**

- हाल ही में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने 'राष्ट्रीय नवजात सप्ताह 2020' (National Newborn Week 2020) के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जिसे 15-21 नवंबर, 2020 तक मनाया जा रहा है, ताकि स्वास्थ्य क्षेत्र के प्रमुख प्राथमिकता वाले क्षेत्र के रूप में नवजात शिशु स्वास्थ्य के महत्त्व को सुदृढ़ किया जा सके। इसकी थीम ' 'प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र और प्रत्येक जगह, प्रत्येक नवजात शिशु के लिये गुणवत्ता, समानता, गरिमा'' (Quality, Equity, Dignity for every newborn at every health facility and everywhere) है।
- वर्ष 2014 में भारत पहला देश था जिसने भारत नवजात कार्य योजना (India Newborn Action Plan- INAP) की शुरुआत की थी जो नवजातों की मृत्यु और जन्म के समय मृत पाए जाने की समस्या को खत्म करने को लेकर 'ग्लोबल एवरी न्यूबोर्न एक्शन प्लान' (Global Every Newborn Action Plan) के अनुरूप है। अत: कथन (1) सही नहीं है।
- इसका लक्ष्य 'सिंगल डिजिट नेशनल मोर्टेलिटी रेट' (Single Digit Neonatal Mortality Rate) तथा 'सिंगल डिजिट स्टील बर्थ रेट' (Single Digit Still-birth Rate) प्राप्त करना है। अत: कथन (2) सही है।

**30. ( d )**

**व्याख्या:**

- स्कॉटलैंड के लेखक डगलस स्टुकअर्ट (Douglas Stuart) ने अपने पहले उपन्यास 'शुग्गीत बैन' (Shuggie Bain) के लिये वर्ष 2020 का बुकर पुरस्कार (Booker Prize) जीता है।
- डगलस स्टुअर्ट का यह उपन्यास एक ऐसे लड़के के जीवन पर आधारित है, जो कि 1980 के दशक में ग्लायसगो (Glasgow) में पला-बढ़ा और जिसकी माँ नशे की समस्या से जूझ रही है।

**नोट :**

- बुकर पुरस्कार अंग्रेज़ी साहित्य का सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार है, जो कि सर्वोत्तम अंग्रेज़ी उपन्यास को दिया जाता है। इस पुरस्कार की शुरुआत वर्ष 1969 में अंग्रेज़ी में प्रकाशित उपन्यासों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया था।
- वर्ष 2019 के लिये कनाडा की मार्गरेट एटवुड (Margaret Atwood) और ब्रिटेन की बर्नाडिन एवरिस्टो (Bernardine Evaristo) को संयुक्त रूप से इस पुरस्कार के लिये चुना गया था।
- अत: विकल्प (d) सही है।

**31. (d)**

**व्याख्या**

- भारतीय नौसेना, अंडमान सागर (Andaman Sea) में 23 से 25 नवंबर, 2020 तक 27वें भारत-सिंगापुर द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास सिम्बेक्स-20 (SIMBEX-20) की मेज़बानी करेगी। अत: कथन (1) सही है।
- भारतीय नौसेना और 'रिपब्लिक ऑफ सिंगापुर नेवी' (Republic of Singapore Navy- RSN) के बीच वर्ष 1994 से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले अभ्यास 'सिम्बेक्स' शृंखला का उद्देश्य आपसी अंतर-संचालन को बढ़ाना और एक-दूसरे की सर्वोत्तम प्रथाओं को सीखना है।
- अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह द्वारा अंडमान सागर, बंगाल की खाड़ी से अलग होता है। बंगाल की खाड़ी में 10 डिग्री चैनल अंडमान द्वीप और निकोबार द्वीप समूह को एक-दूसरे से अलग करता है। अत: कथन (2) सही है।
- म्याँमार से बहते हुए इरावदी नदी, अंडमान सागर में जाकर मिलती है। अत: कथन (3) सही है।

**32. (d)**

**व्याख्या:**

- होयसल वास्तुकला 11वीं एवं 14वीं शताब्दी के बीच होयसल साम्राज्य के अंतर्गत विकसित एक वास्तुकला शैली है जो ज़्यादातर दक्षिणी कर्नाटक क्षेत्र में केंद्रित है।
- होयसल मंदिर, हाइब्रिड या बेसर शैली के अंतर्गत आते हैं क्योंकि उनकी अनूठी शैली न तो पूरी तरह से द्रविड़ है और न ही नागर।
- होयसल मंदिरों में खंभे वाले हॉल के साथ एक साधारण आंतरिक कक्ष की बजाय एक केंद्रीय स्तंभ वाले हॉल के चारों ओर समूह में कई मंदिर शामिल होते हैं और यह संपूर्ण संरचना एक जटिल डिज़ाइन वाले तारे के आकार में होती है।
- चूँकि ये मंदिर शैलखटी (Steatite) चट्टानों से निर्मित हैं जो अपेक्षाकृत एक नरम पत्थर होता है जिससे कलाकार मूर्तियों को जटिल रूप देने में सक्षम होते थे। इसे विशेष रूप से देवताओं के आभूषणों में देखा जा सकता है जो मंदिर की दीवारों को सुशोभित करते हैं। कुछ प्रसिद्ध मंदिर हैं:
- होयसलेश्वर मंदिर (Hoysaleshvara Temple) जो कर्नाटक के हलेबिड में है, इसे 1150 ईस्वी में होयसल राजा द्वारा काले शिष्ट पत्थर (Dark Schist Stone) से बनवाया गया था।
- कर्नाटक के सोमनाथपुरा में चेन्नेकेशवा मंदिर (Chennakeshava Temple) जिसे नरसिम्हा III की देखरेख में 1268 ईस्वी के आसपास बनाया गया था।
- विष्णुवर्धन द्वारा निर्मित कर्नाटक के हसन ज़िले के बेलूर में केशव मंदिर (Kesava Temple)।
- अत: विकल्प (d) सही है।

**33. (c)**

**व्याख्या:**

- 'आपराधिक वित्त और क्रिप्टोकरेंसी पर वैश्विक सम्मेलन' आभासी रूप से 18-19 नवंबर को आयोजित किया गया जिसमें 132 देशों के 2,000 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
- यह सम्मेलन क्रिप्टोकरेंसी और मनी लॉन्ड्रिंग पर यूरोपोल (EUROPOL), इंटरपोल (INTERPOL) और 'बेसल इंस्टीट्यूट ऑन गवर्नेंस' (Basel Institute on Governance) द्वारा स्थापित वर्किंग ग्रुप की एक पहल है।

**नोट :**

- इस चौथे वैश्विक सम्मेलन का उद्देश्य मनी लॉन्ड्रिंग में क्रिप्टोकरेंसी के उपयोग की बढ़ती प्रवृत्ति पर वैश्विक समुदाय की जागरूकता को बढ़ाना है।
- वर्ष 2016 में वैश्विक सम्मेलन की शुरुआत करने का उद्देश्य वर्तमान समय में 'आभासी परिसंपत्तियों '(Virtual Assets) की बढ़ती लोकप्रियता और उनसे जुड़ी आपराधिक गतिविधियों के संबंध में प्रतिक्रिया व्यक्त करने हेतु एक साझा मंच प्रदान करना था।
- अत: विकल्प (c) सही है।

**34. (c)**

**व्याख्या:**

- 'राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग' एक सांविधिक निकाय है, जिसकी स्थापना राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 के तहत की गई थी। अत: कथन 1 सही नहीं है ।
- यह निकाय भारत के अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों और हितों की रक्षा हेतु अपील के लिये एक मंच के रूप में कार्य करता है।
- संरचना: राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 के मुताबिक, आयोग में अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष समेत कुल सात सदस्य का होना अनिवार्य है, जिसमें मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, पारसी और जैन समुदायों के सदस्य शामिल हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।

**35. (c)**

**व्याख्या:**

- मसाला बॉण्ड, विदेशी निवेशकों से धन एकत्रित करने के लिये देश के बाहर किसी भारतीय संस्था द्वारा जारी किये जाने वाले बॉण्ड होते हैं।
- इस प्रकार के बॉण्ड की सबसे मुख्य बात यह है कि इन्हें विदेशी मुद्रा में नहीं बल्कि भारतीय मुद्रा में जारी किया जाता है।
- पहला मसाला बॉण्ड, वर्ष 2014 में अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (IFC) द्वारा भारत की एक आधारभूत ढाँचे से संबंधित परियोजना के लिये जारी किया गया था। इस बॉण्ड का नामकरण भी अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम द्वारा ही किया गया था।
- अत: विकल्प (c) सही है।

**36. (d)**

**व्याख्या:**

- हाल ही में "नागरिक पंजीकरण प्रणाली के आधार पर भारत के जन्म-मृत्यु संबंधी आँकड़ों" पर वर्ष 2018 की रिपोर्ट के अनुसार, देश में अरुणाचल प्रदेश में जन्म के समय सबसे अच्छा लिंगानुपात दर्ज किया गया है, जबकि मणिपुर में जन्म के समय सबसे खराब लिंगानुपात दर्ज किया। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इस रिपोर्ट को भारत के रजिस्ट्रार जनरल (Registrar General of India) द्वारा प्रकाशित किया गया था। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- जन्म के समय लिंगानुपात प्रति हज़ार पुरुषों पर पैदा होने वाली महिलाओं की संख्या है। यह किसी जनसंख्या के लिंगानुपात को मापने का एक महत्त्वपूर्ण संकेतक है।

**37. (b)**

**व्याख्या:**

- 'रोरीडोमायज़ फाइलोस्टैचायडिस' भारत के असम में खोजी गई मशरूम की एक नई प्रजाति है। इसे भारत एवं चीन के शोधकर्त्ताओं की एक टीम ने खोजा है। इसे स्थानीय लोग 'इलेक्ट्रिक मशरूम (Electric Mushrooms) के रूप में वर्णित करते हैं जो केवल निर्जीव बाँस पर उगता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- 'इलेक्ट्रिक मशरूम' को रोरीडोमायज़ फाइलोस्टैचायडिस (Roridomyces Phyllostachydis) नाम से नामांकित किया गया है जिसमें जैव-संदीप्ति (Bioluminescent) जैसा विशेष गुण पाया जाता है अर्थात् यह अपना स्वयं का प्रकाश उत्पन्न करती है। रोरीडोमायज़ (Roridomyces) जीनस से संबंधित प्रजातियाँ बहुत संवेदनशील होती हैं और वे आर्द्र एवं नम परिस्थितियों के अनुकूल होते हैं। अत: कथन 2 सही है।

नोट :

- जैव-संदीप्ति के गुणों से युक्त कवक का सबसे बड़ा जीनस 'मायसेना' (Mycena) अर्थात् 'बोनट मशरूम' (Bonnet Mushroom) है और मायसेना के आनुवांशिक अध्ययनों से पता चलता है कि यह विशेषता लगभग 160 मिलियन वर्ष पहले विकसित हुई थी।

**38. (a)**

**व्याख्या:**

- महासागरों की निगरानी करने के लिये तैयार किये गए कॉपरनिकस सेंटिनल-6 माइकल फ्रेइलिच उपग्रह (Copernicus Sentinel-6 Michael Freilich Satellite) को 21 नवंबर, 2020 को स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट (SpaceX Falcon 9 Rocket) के माध्यम से कैलिफोर्निया के वांडेनबर्ग वायुसेना अड्डे (Vandenberg Air Force) से लॉन्च किया गया।
- 'सेंटिनल-6 माइकल फ्रेइलिच उपग्रह' का नाम डॉ. माइकल फ्रेइलिच के नाम पर रखा गया है, जो वर्ष 2006-2019 से नासा के पृथ्वी विज्ञान प्रभाग (Earth Science Division) के निदेशक थे और इस वर्ष अगस्त 2020 में उनका निधन हो गया।
- इसी तरह के एक अन्य उपग्रह जिसे 'सेंटिनल-6 बी' (Sentinel-6B) कहा जाता है, वर्ष 2025 में लॉन्च किया जाएगा।
- अत: विकल्प (a) सही है।

**39. (c)**

**व्याख्या:**

- वर्ष 2004 में स्थापित लाइफसेल (LifeCell) भारत का पहला एवं सबसे बड़ा स्टेम सेल बैंक है जो भारत के 350000 से अधिक परिवारों को लाभान्वित कर रहा है जिन्होंने अपने बच्चों के गर्भनाल को स्टेम सेल कंपनी में जमा करने का विकल्प अपनाया है। अत: कथन 1 सही है।
- कॉर्ड ब्लड, नाभि रज्जु (Umbilical Cord) और गर्भनाल (Placenta) की रक्त वाहिकाओं में पाया जाता है और जन्म के बाद बच्चे की नाभि रज्जु काट कर एकत्र किया जाता है। इसमें रक्त बनाने वाली स्टेम कोशिकाएँ होती हैं जो कुछ रक्त एवं प्रतिरक्षा प्रणाली विकारों के इलाज में उपयोग की जाती हैं। अत: कथन 2 सही है।

**40. (c)**

**व्याख्या:**

- इस प्रकार के बॉण्ड खरीदने पर निवेशक को बॉण्ड की परिपक्वता अवधि पर बॉण्ड के कुल मूल्य से कम राशि प्राप्त होती है। अत: कथन 1 सही है।
- सरल शब्दों में हम कह सकते हैं कि नेगेटिव यील्ड बॉण्ड ऐसे ऋण विलेख होते हैं, जिनकी बॉण्ड यील्ड नकारात्मक होती है। अत: कथन 2 सही है।
- नेगेटिव यील्ड बॉण्ड को एक विचित्र वित्तीय विलेख माना जाता है, क्योंकि इसमें बॉण्ड जारी करने वाली कंपनी अथवा संस्थान को ऋण लेने के लिये भुगतान किया जाता है।

**41. (c)**

**व्याख्या:**

- जल से निकाले गए नमक को लवण-जल के रूप में जाना जाता है, यह जल में लवणता को कम कर सकता है और अपवहन स्थल पर जल में ऑक्सीजन (हाइपोक्सिया) की मात्रा को कम कर सकता है। अत: कथन 1 सही है।
- इसके अलावा अलवणीकरण प्रक्रिया क्लोरीन, कार्बन डाइऑक्साइड, हाइड्रोक्लोरिक एसिड और एंटी-स्केलेंट्स (Antiscalants) सहित कई रसायनों का उपयोग या उत्पादन करती है जो उच्च सांद्रता में हानिकारक हो सकते हैं।
- निर्वहन में यूरेनियम, स्ट्रोंटियम के साथ-साथ सोडियम और मैग्नीशियम जैसे कीमती तत्त्व भी शामिल हो सकते हैं।
- 300% मछली बायोमास में वृद्धि के साथ ब्राइन (लवण-जल) का उपयोग एक्वाकल्चर के लिये किया गया है। इसका उपयोग आहार अनुपूरक स्पिरुलिना (Spirulina) की खेती करने के लिये, झाड़ियों और फसलों की सिंचाई के लिये सफलतापूर्वक किया गया है।
- अत: कथन 2 सही है।

नोट :

**42. ( d )**

**व्याख्या:**

- इसका नाम भारत की ब्रह्मपुत्र नदी और रूस की मोस्कवा नदी के नाम पर रखा गया है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह मध्यम दूरी की सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइल है जिसे पनडुब्बियों, जहाज़ों, विमानों या ज़मीन से लॉन्च किया जा सकता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- क्रूज़ मिसाइल पृथ्वी की सतह के समानांतर चलते हैं और उनका निशाना बिल्कुल सटीक होता है।
- गति के आधार पर ऐसी मिसाइलों को उपध्वनिक/सबसोनिक (लगभग 0.8 मैक), पराध्वनिक/सुपरसोनिक (2-3 मैक) और अतिध्वनिक/हाइपरसोनिक (5 मैक से अधिक) क्रूज मिसाइलों के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

**43. ( d )**

**व्याख्या:**

- IRNSS, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) द्वारा विकसित एक स्वतंत्र क्षेत्रीय नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम है। अत: कथन 1 सही है।
- IRNSS के समूह को नाविक (NavIC) के नाम से जाना जाता है, यानी नाविक (NavIC) IRNSS के आठ उपग्रहों से मिलकर बना है।
- अमेरिका के GPS, जिसमें 24 उपग्रह शामिल हैं, के विपरीत नाविक (NavIC) में 8 उपग्रह शामिल हैं और इसका क्षेत्राधिकार भारत तथा उसके आस-पास के क्षेत्रों में देश की सीमा से 1,500 किमी तक फैला हुआ है।
- ध्यातव्य है कि अधिक उपग्रहों वाली नेविगेशन प्रणाली अधिक सटीक जानकारी प्रदान करती है। हालाँकि GPS की तुलना में, जो कि 20-30 मीटर की स्थिति सटीकता प्रदान करता है, नाविक (NavIC) 20 मीटर तक स्थिति सटीकता प्रदान कर सकता है, क्योंकि अमेरिका का GPS एक वैश्विक नेविगेशन सिस्टम है और भारत का नाविक (NavIC) एक क्षेत्रीय नेविगेशन सिस्टम है। अत: कथन 2 सही है।
- इसके साथ ही भारत विश्व का चौथा ऐसा देश बन गया है, जिसके पास 'विश्वव्यापी रेडियो नेविगेशन प्रणाली' (World Wide Radio Navigation System) के घटक के रूप में अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन (IMO) से मान्यता प्राप्त एक स्वतंत्र क्षेत्रीय नेविगेशन उपग्रह प्रणाली है। अत: कथन 3 सही है।
- IMO द्वारा मान्यता प्राप्त नेविगेशन प्रणाली वाले अन्य तीन देश संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस एवं चीन हैं।

**44. ( a )**

**व्याख्या:**

- पृथ्वी के उपग्रह 'चंद्रमा' से लूनर रॉक्स (Lunar Rocks) के नमूने लाने के लिये चीन ने चंद्रमा पर एक मानव रहित अंतरिक्षयान 'चांग'ई-5 प्रोब' (Chang'e-5 Probe) भेजा है। अत: कथन 1 सही है।
- 'चांग'ई-5 प्रोब' जिसका नाम चंद्रमा की प्राचीन चीनी देवी के नाम पर रखा गया है, ऐसी सामग्री एकत्रित करेगा जो वैज्ञानिकों को चंद्रमा की उत्पत्ति एवं निर्माण के बारे में समझने में अधिक मदद कर सके।
- चीन ने वर्ष 2013 में अपना पहला चंद्र मिशन भेजा था। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- चांग' ई चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन द्वारा शुरू की गई चंद्र जाँच की एक श्रृंखला है।

**45. ( c )**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय पोषण मिशन वर्ष 2018 में शुरू किया गया था, यह बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिये पोषण परिणामों में सुधार करने के लिये भारत सरकार का प्रमुख कार्यक्रम है। अत: कथन 1 सही है।

**नोट :**

- इसका उद्देश्य स्टंटिंग, अल्पपोषण, एनीमिया (छोटे बच्चों, महिलाओं और किशोर लड़कियों के बीच) और जन्म के समय कम वज़न को क्रमशः 2%, 2%, 3% और 2% प्रतिवर्ष कम करना है।
- राष्ट्रीय पोषण मिशन (National Nutrition Mission) नीति आयोग द्वारा तैयार की गई राष्ट्रीय पोषण रणनीति (National Nutrition Strategy) द्वारा समर्थित है। इस रणनीति का उद्देश्य वर्ष 2022 भारत को कुपोषण से मुक्त करना है। अत: कथन 2 सही है।

**46. (d)**

**व्याख्या:**

- हाल ही में प्रधानमंत्री ने 33वीं प्रगति (PRAGATI) बैठक की अध्यक्षता की। प्रगति (PRAGATI) के माध्यम से बातचीत प्रत्येक महीने चौथे बुधवार को एक बार आयोजित की जाती है, जिसे 'प्रगति दिवस' (PRAGATI Day) के रूप में जाना जाता है।
- प्रगति (PRAGATI - Pro-Active Governance and Timely Implementation) एक बहु उद्देशीय मंच है, जिसे वर्ष 2015 में लॉन्च किया गया था और जो प्रधानमंत्री को विभिन्न मुद्दों पर जानकारी प्राप्त करने के लिये केंद्र एवं राज्य के अधिकारियों के साथ चर्चा करने में सक्षम बनाता है।
- इसे प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) की टीम ने राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (National Informatics Center- NIC) की मदद से तैयार किया है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह एक त्रिस्तरीय प्रणाली है, जिसमें प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO), केंद्र सरकार के सचिव और राज्यों के मुख्य सचिव (न कि राज्य के मुख्यमंत्री) शामिल हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।

**47. (a)**

**व्याख्या:**

- चक्रवात निवार, उत्तर हिंद महासागर क्षेत्र में उत्पन्न होने वाला इस वर्ष का चौथा चक्रवात है। इससे पहले आए तीन चक्रवात थे: चक्रवात गति (Gati) (नवंबर में सोमालिया में), चक्रवात अम्फान (पूर्वी भारत ने मई, 2020 में) और चक्रवात निसर्ग (महाराष्ट्र में)। अत: कथन 1 सही है।
- उत्तर हिंद महासागर क्षेत्र बंगाल की खाड़ी और अरब सागर के ऊपर बने उष्णकटिबंधीय चक्रवातों को कवर करता है।
- इस क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 13 सदस्य बांग्लादेश, भारत, मालदीव, म्याँमार, ओमान, पाकिस्तान, श्रीलंका, थाईलैंड, ईरान, कतर, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और यमन हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।

**48. (c)**

**व्याख्या:**

- वर्ष 2016 में 'खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय' (MoFPI) द्वारा 'कृषि-समुद्री प्रसंस्करण और कृषि-प्रसंस्करण क्लस्टर' (SAMPADA) के विकास के लिये एक अम्ब्रेला योजना शुरू की गई थी, जिसे 6,000 करोड़ रुपए के आवंटन के साथ वर्ष 2016-20 की अवधि के लिये लागू किया जाना प्रस्तावित था। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- वर्ष 2017 में इसे प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना के रूप में पुन: नामित किया गया। यह 'केंद्रीय क्षेत्रक योजना' (Central Sector Scheme) है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- पीएमकेएसवाई योजना का उद्देश्य कृषि को अनुपूरक बनाना है। पीएमकेएसवाई के तहत, अनुदान की सहायता के रूप में पूंजीगत सब्सिडी, पात्र परियोजना लागत के 35% से 75% तक अधिकतम निर्दिष्ट सीमा के अधीन है, जो निवेशकों को बुनियादी ढाँचे, लॉजिस्टिक परियोजनाओं और देश में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना के लिये विभिन्न योजनाओं के तहत प्रदान की जाती है। अत: कथन 2 सही है।

**49. (a)**

**व्याख्या:**

- ला नीना मध्य और पूर्वी भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में समुद्र की सतह के तापमान के बड़े पैमाने पर शीतलन को संदर्भित करता है जो उष्णकटिबंधीय वायुमंडलीय परिसंचरण, जैसे-हवाओं, दबाव और वर्षा में परिवर्तन के साथ जुड़ा हुआ है। अत: कथन 1 सही है।
- ला नीना (La Nina) की स्थिति दक्षिण पश्चिम मानसून से जुड़ी वर्षा को बढ़ाती है लेकिन पूर्वोत्तर मानसून से जुड़ी वर्षा पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- o हाल ही में भारत के दक्षिणी प्रायद्वीपीय क्षेत्रों में उत्तर-पूर्वी मानसूनी वर्षा में गिरावट देखी गई।
- इसका आमतौर पर मौसम और जलवायु पर विपरीत प्रभाव पड़ता है जैसे कि एल नीनो जो तथाकथित अल-नीनो दक्षिणी दोलन (El Nino Southern Oscillation) का गर्म चरण है।
- प्रशांत महासागर में पेरू के निकट समुद्री तट के गर्म होने की घटना को अल-नीनो कहा जाता है।

**50. (a)**

**व्याख्या:**

- ब्रू समुदाय भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र का एक जनजातीय समूह है, जो कि मुख्य तौर पर त्रिपुरा, मिज़ोरम और असम में निवास करते हैं। इस जनजातीय समूह को त्रिपुरा में, विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूह (PVTGs) के रूप में मान्यता दी गई है। अत: विकल्प (a) सही है।
- ब्रू समुदाय स्वयं को म्याँमार के शान प्रांत का मूल निवासी मानता है, इस समुदाय के लोग सदियों पहले म्याँमार से आकर भारत में बस गए थे।
- यद्यपि मिज़ोरम में इस जनजातीय समूह के लोगों को संख्या काफी अधिक है, किंतु वहाँ एक वर्ग विशेष इस जनजातीय समूह को राज्य के निवासी के रूप में स्वीकार नहीं करता है और अक्सर इस धारणा के कारण ब्रू समुदाय के लोगों को लक्षित किया जाता है।
- वर्ष 1997 में हिंसक जातीय झड़पों के बाद ब्रू समुदाय के लगभग 37,000 लोग मिज़ोरम के मामित कोलासिब और लुंगलेई ज़िलों से भागकर त्रिपुरा आ गए थे और उन्हें त्रिपुरा के राहत शिविरों में रखा गया था।
- 16 जनवरी, 2020 को केंद्र सरकार, त्रिपुरा तथा मिज़ोरम की राज्य सरकारों व ब्रू समुदाय के प्रतिनिधियों के मध्य ब्रू शरणार्थियों से जुड़ा एक चतुर्पक्षीय समझौता हुआ था।

**51. (b)**

**व्याख्या:**

- TX2 अवार्ड एक वैश्विक पुरस्कार है, जिसे वर्ष 2010 में रूस के पीटर्सबर्ग मंआ आयोजित शिखर सम्मेलन में बाघ संरक्षण की दिशा में कार्य करने वाले अंतर्राष्ट्रीय संगठनों जैसे- WWF, UNDP, IUCN और ग्लोबल टाइगर फंड (GTF) आदि द्वारा स्थापित किया गया था। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- TX2 लक्ष्य वर्ष 2022 तक विश्व में जंगली बाघों की संख्या को दोगुना करने की वैश्विक प्रतिबद्धता को प्रकट करते है। अत: कथन 2 सही है।
- इन लक्ष्यों के निर्धारण के लिये वर्ष 2010 में टाइगर रेंज कंट्रीज़ (TRC) में शामिल सभी 13 देशों की सरकारें पहली बार सेंट पीटर्सबर्ग शिखर सम्मेलन (रूस) में एक साथ आई थीं, जहाँ उन्होंने वर्ष 2022 तक बाघों की संख्या को दोगुना करने के लिये प्रतिबद्धता व्यक्त की थी।
- इन लक्ष्यों का निर्धारण विश्व वन्यजीव कोष (WWF) द्वारा ग्लोबल टाइगर इनिशिएटिव, ग्लोबल टाइगर फोरम और ऐसे ही अन्य महत्त्वपूर्ण प्लेटफार्मों के माध्यम से किया था।
- उत्तर प्रदेश के पीलीभीत टाइगर रिज़र्व (PTR) ने चार वर्ष (2014-18) में बाघों की संख्या को दोगुना करने के लिये TX2 अवार्ड (TX2 Award) जीता है। अत: कथन 3 सही है।

नोट :

- पीलीभीत टाइगर रिज़र्व (PTR) के साथ-साथ भारत और भूटान की सीमा पर स्थित ट्रांसबाउंडरी मानस संरक्षण क्षेत्र (TraMCA) ने भी इस दिशा में अपने प्रयासों के लिये कंज़र्वेशन एक्सीलेंस अवार्ड जीता है।

**52. (a)**

**व्याख्या:**

- 'राष्ट्रीय निवेश और अवसंरचना कोष' (NIIF) एक सरकार समर्थित इकाई है, जिसकी स्थापना देश के अवसंरचना क्षेत्र को दीर्घकालिक पूंजी प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी। अत: कथन 1 सही है।
- NIIF में 49% हिस्सेदारी भारत सरकार की है तथा शेष हिस्सेदारी विदेशी और घरेलू निवेशकों (51 प्रतिशत) की है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- केंद्र की अति महत्त्वपूर्ण हिस्सेदारी (अधिकतम नहीं) के साथ NIIF को भारत का 'अर्द्ध-संप्रभु धन कोष' (Quasi-sovereign Wealth Fund) माना जाता है।
- इसे दिसंबर 2015 में द्वितीय श्रेणी के 'वैकल्पिक निवेश कोष' (Alternate Investment Fund) के रूप में स्थापित किया गया था।
- इसके तीन कोषों मास्टर फंड, फंड ऑफ फंड्स और स्ट्रैटेजिक अपॉर्चुनिटीज़ फंड में यह 4.3 बिलियन डॉलर से अधिक की पूंजी का प्रबंधन करता है।
- इसका पंजीकृत कार्यालय नई दिल्ली में है।

**53. (c)**

**व्याख्या:**

- हाल ही में संयुक्त राज्य अमेरिका (USA) के राष्ट्रपति ने अपने पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार को क्षमा करने के लिये संविधान के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग किया है।
- संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति की क्षमादान की शक्तियों के विपरीत भारत के राष्ट्रपति को मंत्रिमंडल की सलाह पर कार्य करना होता है।
- अनुच्छेद 72 के तहत राष्ट्रपति की क्षमादान शक्ति का दायरा अनुच्छेद 161 के तहत राज्यपाल की क्षमादान शक्ति से अधिक है जो निम्नलिखित दो तरीकों से भिन्न है:
- सैन्य मामले: राष्ट्रपति सैन्य न्यायालय द्वारा दी गई सजा को क्षमा कर सकते हैं परंतु राज्यपाल नहीं। अत: कथन 1 सही है।
- मृत्युदंड: राष्ट्रपति मृत्युदंड से संबंधित सभी मामलों में क्षमादान दे सकते हैं परंतु राज्यपाल की क्षमादान की शक्ति मृत्युदंड के मामलों तक विस्तारित नहीं है। अत: कथन 2 सही है।

**54. (d)**

**व्याख्या:**

- हाल ही में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (Ministry of Social Justice and Empowerment) ने ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिये राष्ट्रीय पोर्टल लॉन्च किया है, साथ ही मंत्रालय द्वारा ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिये गरिमा गृह का उद्घाटन भी किया गया है। अत: कथन 1 सही है।
- गरिमा गृह की शुरुआत गुजरात के वडोदरा में की गई है और इसका संचालन लक्ष्या ट्रस्ट के सहयोग से किया जाएगा, जो कि पूरी तरह से ट्रांसजेंडरों द्वारा संचालित एक समुदाय आधारित संगठन है।
- 'गरिमा गृह' का उद्देश्य ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को आश्रय प्रदान करना है, जिसमें आश्रय, भोजन, चिकित्सा देखभाल और मनोरंजन जैसी बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। इसके अलावा यह ट्रांसजेंडर समुदाय से संबंधित व्यक्तियों के क्षमता-निर्माण/कौशल विकास के लिये भी सहायता प्रदान करेगा जो उन्हें सम्मान का जीवन जीने में सक्षम बनाएगा। अत: कथन 2 सही है।

नोट :

**55. (d)**

**व्याख्या:**

- 'एक राष्ट्र-एक चुनाव'- यह विचार भारतीय चुनावी चक्र को एक तरीके से संरचित करने को संदर्भित करता है ताकि लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ एक ही समय पर कराया जाए जिससे दोनों का चुनाव एक निश्चित समय के भीतर हो सके।
- लाभ:
- इससे मतदान में होने वाले खर्च, राजनीतिक पार्टियों के खर्च आदि पर नज़र रखने में मदद मिलेगी और जनता के पैसे को भी बचाया जा सकता है।
- प्रशासनिक व्यवस्था और सुरक्षा बलों पर बढ़ते बोझ को भी कम किया जा सकता है।
- सरकारी नीतियों को समय पर लागू करने में मदद मिलेगी और यह भी सुनिश्चित किया जा सकता है कि प्रशासनिक मशीनरी चुनावी मोड के बजाय विकास संबंधी गतिविधियों में लगी हुई है।
- शासनकर्त्ताओं की ओर से शासन संबंधी समस्याओं का समाधान समय पर किया जाएगा। आम तौर पर यह देखा जाता है कि किसी विशेष विधानसभा चुनाव में अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के लिये, सत्तारूढ़ राजनेता कठोर दीर्घकालिक निर्णय लेने से बचते हैं जो अंतत: देश को दीर्घकालिक लाभ पहुँचा सकता है।
- पाँच वर्ष में एक बार चुनावी तैयारी के लिये सभी हितधारकों यानी राजनीतिक दलों, भारतीय निर्वाचन आयोग (ECI), अर्द्धसैनिक बलों, नागरिकों को अधिक समय मिल सकेगा।
- अत: विकल्प (d) सही है।

**56. (d)**

**व्याख्या:**

- हाल ही में भारत और वियतनाम के रक्षा मंत्रियों के बीच रक्षा उद्योग के क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण और संयुक्त राष्ट्र (UN) के शांति अभियानों में सहयोग जैसे विषयों पर द्विपक्षीय वार्ता का आयोजन किया गया।
- भारत-वियतनाम संबंध: विभिन्न मंचों पर सहयोग
- वर्ष 2021 से दो वर्ष की अवधि के लिये भारत और वियतनाम दोनों संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) में गैर-स्थायी सदस्य के रूप में कार्य करेंगे।
- भारत और वियतनाम दोनों पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (EAS), मेकांग गंगा सहयोग (MGC), एशिया-यूरोप मीटिंग (ASEM) जैसे विभिन्न क्षेत्रीय मंचों पर निकटता से सहयोग करते हैं।
- वार्ता के दौरान वियतनाम के प्रतिनिधि ने दिसंबर, 2020 में वियतनाम द्वारा आयोजित आसियान डिफेंस मिनिस्टर्स मीटिंग प्लस (ADMM-Plus) के लिये भारत को आमंत्रित किया है।
- ADMM-प्लस दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन (ASEAN) और इसके आठ संवाद साझेदारों यथा- ऑस्ट्रेलिया, चीन, भारत, जापान, न्यूज़ीलैंड, कोरिया, रूस और अमेरिका का एक मंच है, जिन्हें सामूहिक रूप से 'प्लस-देशों' के रूप में जाना जाता है। ADMM-प्लस का उद्देश्य इस क्षेत्र में शांति, स्थिरता और विकास के लिये सुरक्षा एवं रक्षा सहयोग को मज़बूत करना है। अत: विकल्प (d) सही है।

**57. (b)**

**व्याख्या:**

- 'मीठी क्रांति, राज्यों में शहद उत्पादन में वृद्धि पर जोर देने हेतु शुरू की गई एक रणनीतिक पहल है, जो कि किसानों की आय को दोगुना करने में एक प्रमुख योगदानकर्त्ता हो सकती है।
- मधुमक्खी पालन और इससे जुड़ी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिये वर्ष 2016 में 'मीठी क्रांति' को शुरू किया गया था। अत: कथन 1 सही नहीं है।

नोट :

- मीठी क्रांति के माध्यम से सरकार किसानों की आय को दोगुना करने और आदिवासियों के उत्थान को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मधुमक्खी पालन को बढ़ावा दे रही है। अत: कथन 2 सही है।

**58. ( a )**

**व्याख्या:**

- 'इंडिया क्लाइमेट चेंज नॉलेज पोर्टल' (India Climate Change Knowledge Portal) नागरिकों को जलवायु परिवर्तन के मुद्दों से निपटने के लिये राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर उठाए जाने वाले सभी प्रमुख कदमों के बारे में नागरिकों के बीच ज्ञान के प्रसार में मदद करेगा। अत: कथन 1 सही है।
- यह एक 'एकल बिंदु सूचना संसाधन' (Single Point Information Resource) होगा जो विभिन्न मंत्रालयों द्वारा किये गए विभिन्न जलवायु संबंधी पहलों के बारे में जानकारी प्रदान करेगा ताकि उपयोगकर्त्ता इन पहलों की अद्यतन स्थिति का लाभ उठा सकें।
- इस पोर्टल में शामिल आठ प्रमुख घटक निम्नलिखित हैं:

1. **भारत की जलवायु प्रोफाइल:**

- देश का उत्तरी भाग ग्रीष्मकाल में गर्म और सर्दियों में ठंड के साथ एक महाद्वीपीय जलवायु के रूप में चित्रित किया गया है। देश के तटीय क्षेत्रों में वर्ष भर थोड़े बदलाव के साथ गर्म तापमान और तीव्र वर्षा का अनुभव किया जाता है।

2. **राष्ट्रीय नीति ढाँचा:**

- उदाहरण के लिये, देश में हानिकारक अपशिष्ट के पर्यावरणीय प्रबंधन के कार्यान्वयन को मज़बूत करने के लिये केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने हानिकारक और अन्य अपशिष्ट (प्रबंधन एवं निपटान) नियम, 2016 में संशोधन किया है।

3. **भारत का राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान ( NDC ) लक्ष्य:**

- NDC, पेरिस समझौते और इन दीर्घकालिक लक्ष्यों की प्राप्ति के केंद्र में हैं।
- राष्ट्रीय उत्सर्जन को कम करने और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के अनुकूल करने के लिये प्रत्येक देश द्वारा NDC के तहत किये गए प्रयास।

4. **अनुकूलन संबंधी कार्यवाही:**

- ऊर्जा की उच्च मांग को पूरा करने के लिये भारत ने स्वच्छ ऊर्जा विकास के लिये कई पहलें की है। उदाहरण: जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय सौर मिशन (Jawaharlal Nehru National Solar Mission), जिसका उद्देश्य भारत में सौर ऊर्जा की हिस्सेदारी बढ़ाना है।

5. **शमन क्रिया:**

- उदाहरण के लिये जल संबंधी मुद्दों का समाधान करने के लिये भारत सरकार ने राष्ट्रीय जल मिशन (National Water Mission) शुरू किया।

6. **द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय सहयोग:**

- पेरिस जलवायु समझौता बहुपक्षीय सहयोग का एक बड़ा उदाहरण है।

7. **अंतर्राष्ट्रीय जलवायु वार्ता:**

- वर्ष 2015 में पेरिस में COP-21 में भारत ने वैश्विक औसत तापमान में वृद्धि के लिये 1.5 डिग्री सेल्सियस को लक्ष्य सीमा के रूप में स्वीकार किया और एक महत्त्वाकांक्षी घरेलू नवीकरणीय ऊर्जा कार्यक्रम की घोषणा की। अत: कथन 2 सही नहीं है।

8. **रिपोर्ट एवं प्रकाशन:**

- उदाहरण के लिये पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (MoES) द्वारा प्रकाशित 'भारतीय क्षेत्र पर जलवायु परिवर्तन का आकलन' (Assessment of Climate Change over the Indian Region) जैसी रिपोर्ट।

नोट :

59. (b)

**व्याख्या:**

- 42वें संशोधन अधिनियम द्वारा संविधान में प्रमुख संशोधनों में से कुछ निम्नलिखित हैं:
- प्रस्तावना: इस संशोधन के तहत भारत को परिभाषित करने के लिये 'संप्रभु लोकतांत्रिक गणतांत्रिक' शब्द के स्थान पर 'संप्रभु लोकतांत्रिक, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, गणतांत्रिक' शब्द को जोड़ दिया गया।
- साथ ही प्रस्तावना में 'राष्ट्र की एकता' शब्द को बदलकर 'राष्ट्र की एकता और अखंडता' कर दिया गया। अत: कथन 1 सही है।
- मौलिक अधिकार और निदेशक सिद्धांत: 42वें संवैधानिक संशोधन के तहत एक सबसे बड़ा बदलाव यह किया गया कि इसके तहत राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों (DPSP) को संविधान के अनुच्छेद 14, 19 या 31 में निहित मौलिक अधिकारों पर प्राथमिकता देने का प्रावधान किया गया।
- मौलिक कर्तव्य: 42वें संशोधन अधिनियम के तहत संविधान में IV-A नामक एक नया भाग बनाने के लिये इसमें अनुच्छेद 51-A शामिल किया गया, संविधान के भाग IV-A में नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों का निर्धारण किया गया है।
- 42वें संशोधन अधिनियम द्वारा संविधान में किये गए प्रमुख बदलाव:
- इस संशोधन के तहत 'संपत्ति के अधिकार' को मौलिक अधिकारों की सूची से हटाकर इसे एक एक कानूनी अधिकार के रूप में घोषित किया गया है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- इस संशोधन के माध्यम से अनुच्छेद 74 (1) में एक नया प्रावधान जोड़ा गया जिसके अनुसार, राष्ट्रपति को कैबिनेट की सलाह को पुनर्विचार के लिये एक बार लौटाने/वापस भेजने की शक्तियाँ दी गई। परंतु इसके तहत राष्ट्रपति को पुनर्विचार के बाद भेजी जाने वाली सलाह को मानने के लिये बाध्य कर दिया गया। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- इस संशोधन के अनुसार, मंत्रिमंडल द्वारा राष्ट्रपति को दी गई लिखित सलाह के आधार पर ही आपातकाल घोषित किया जा सकता है।

60. (c)

**व्याख्या:**

- अमेरिकी जीव रसायन विज्ञानी कैरी मुलिस ने पीसीआर तकनीक का आविष्कार किया था। उन्हें वर्ष 1993 में रसायन विज्ञान के लिये नोबेल पुरस्कार दिया गया था। अत: कथन 1 सही है।
- परीक्षण के तहत डीएनए के एक खंड की प्रतियाँ (डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड) पॉलीमरेज़ नामक एक एंजाइम का उपयोग करके बनाई जाती हैं।
- 'चेन रिएक्शन' यह दर्शाता है कि डीएनए के खण्डों की कैसे तेज़ी से प्रति तैयार होती है, जहाँ एक को दो में, दो को चार में कॉपी किया जाता है और इसी तरह प्रक्रिया आगे चलती रहती है।
- COVID -19 आरएनए (राइबोन्यूक्लिक एसिड) से बना है, अत: इसका पता लगाने के लिये रिवर्स ट्रांसक्रिप्शन नामक तकनीक का उपयोग करके आरएनए को डीएनए में परिवर्तित किया जाता है।
- इसके बाद डीएनए की प्रतियाँ बनाई जाती हैं और प्रवर्द्धित की जाती हैं। अत: कथन 2 सही है।

61. (a)

**व्याख्या:**

- ब्रह्मपुत्र नदी को उत्पत्ति स्थल पर सियांग या दिहांग के नाम से जाना जाता है, जिसका उद्गम मानसरोवर झील के पास कैलाश पर्वत के चेमायुंगडुंग (Chemayungdung) ग्लेशियर से है। यह अरुणाचल प्रदेश के सदिया शहर के पश्चिम में भारत में प्रवेश करती है। अत: कथन 1 सही है।

नोट :

- इसकी प्रमुख सहायक नदियाँ दिबांग, लोहित, सियांग, बुढ़ी दिहिंग, तीस्ता और धनसरी हैं। तिस्ता और मानस नदियाँ इसके दाएँ किनारे पर मिलती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- नदी की गतिशील भूस्खलन और भूगर्भीय गतिविधियों के कारण प्राय: नदी मार्ग में परिवर्तन देखने को मिलता है।

**62. (c)**

**व्याख्या:**

- गुरु नानक देव का जन्म वर्ष 1469 में लाहौर के पास तलवंडी राय भोई (Talwandi Rai Bhoe) गाँव में हुआ था जिसे बाद में ननकाना साहिब नाम दिया गया।
- गुरु अर्जन देव सिख धर्म पाँचवें सिख गुरु थे। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- आदि ग्रंथ की रचना गुरु अर्जुन देव ने की थी। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- 'संगत' एक सामूहिक पूजा पद्धति है जिसमें सामूहिक पाठ शामिल है। अत: कथन 3 सही है।

**63. (a)**

**व्याख्या:**

- मिशन COVID सुरक्षा भारत के लिये स्वदेशी, सस्ती और सुलभ वैक्सीन के विकास को सक्षम बनाने हेतु भारत का लक्षित प्रयास है, जो कि भारत सरकार के 'आत्मनिर्भर भारत' मिशन की दृष्टि से भी काफी महत्त्वपूर्ण होगा। अत: कथन 1 सही है।
- यह मिशन त्वरित उत्पाद विकास के लिये सभी उपलब्ध और वित्तपोषित संसाधनों को समेकित करेगा, जिससे 5-6 वैक्सीन कैंडिडेट्स के विकास में मदद मिलेगी तथा लाइसेंस प्राप्ति और बाज़ार तक पहुँच सुनिश्चित होगी।
- इस मिशन का नेतृत्त्व जैव प्रौद्योगिकी विभाग (DBT) द्वारा किया जाएगा और इसका कार्यान्वयन जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद (BIRAC) की एक समर्पित मिशन कार्यान्वयन इकाई द्वारा किया जाएगा। अत: कथन 2 सही नहीं है।

**64. (c)**

**व्याख्या:**

- मधुमेह एक गैर-संचारी (Non-Communicable Disease) रोग है जो किसी व्यक्ति में तब पाया जाता है जब मानव अग्न्याशय (Pancreas) पर्याप्त इंसुलिन (एक हार्मोन जो रक्त शर्करा या ग्लूकोज को नियंत्रित करता है) का उत्पादन नहीं करता है, या जब शरीर प्रभावी रूप से उत्पादित इंसुलिन का उपयोग करने में असफल रहता है।
- मधुमेह शरीर के मुख्यत: पाँच अंगों यथा- किडनी, हृदय, रक्त वाहिकाएँ, तंत्रिका तंत्र और आँखों को प्रभावित करता है।
- मधुमेह के प्रकार:
- टाइप (Type)-1: इसे 'किशोर-मधुमेह' के रूप में भी जाना जाता है (क्योंकि यह ज़्यादातर 14-16 वर्ष की आयु के बच्चों को प्रभावित करता है), टाइप-1 मधुमेह तब होता है जब अग्न्याशय (Pancreas) पर्याप्त इंसुलिन का उत्पादन करने में विफल रहता है। अत: कथन 1 सही है और कथन 3 सही नहीं है।
- टाइप (Type)-2: यह मानव शरीर के इंसुलिन के उपयोग के तरीके को प्रभावित करता है। इस अवस्था में टाइप-1 के विपरीत अग्नाशय में इंसुलिन तो बनाता है लेकिन शरीर की कोशिकाएँ इस बने इन्सुलिन का स्वस्थ शरीर की तरह प्रभावी ढंग से उपयोग नहीं कर पाती (प्रतिक्रिया नहीं देती हैं)। अत: कथन 2 सही है।
- टाइप-2 मधुमेह ज़्यादातर 45 वर्ष की आयु से अधिक के लोगों में पाया जाता है।
- गर्भावस्था के दौरान मधुमेह: यह गर्भावस्था के दौरान महिलाओं में तब होता है जब कभी-कभी गर्भावस्था के कारण शरीर अग्नाशय में बनने वाले इंसुलिन के प्रति कम संवेदनशील हो जाता है।

**नोट :**

65. ( c )

**व्याख्या:**

- भारतीय रेलवे का इतिहास:
- वर्ष 1832: भारत के लिये पहला रेलवे प्रस्ताव मद्रास में बनाया गया था।
- वर्ष 1837: देश को अपनी पहली ट्रेन रेड हिल रेलवे के रूप में मिली, जिसे सड़क निर्माण के लिये ग्रेनाइट परिवहन के एकमात्र उद्देश्य के लिये तैयार किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
- वर्ष 1853: अप्रैल 1853 में, ग्रेट इंडियन पेनिनसुला रेलवे (Great Indian Peninsula Railway) द्वारा संचालित भारत की पहली यात्री ट्रेन, बोरीबंदर (मुंबई) और ठाणे के बीच चलाई गई थी।
- वर्ष 1925: फरवरी 1925 में, विक्टोरिया टर्मिनस और कुर्ला (मुंबई) के बीच पहली इलेक्ट्रिक पैसेंजर ट्रेन चली थी। अत: कथन 3 सही है।
- वर्ष 1951: भारतीय रेलवे का राष्ट्रीयकरण किया गया। अत: कथन 2 सही है।

दृष्टि The Vision

नोट :